शनिवार, 5 अप्रैल 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 26 |
| आर्द्रता | 61% |
| सूर्योदय: 5:26 | सूर्यास्त: 17:54 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** रिश्ते निभाना ताले से सीखना चाहिए वो टूट जाता है लेकिन चाबी नहीं बदलता।



माँ महागौरी –पृष्ठ 2

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस को दिया सख्त संदेश, कहा

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी

**बैंकॉक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस के साथ हुई पहली बैठक में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं से उन्हें अवगत कराया और कहा कि माहौल खराब करने वाली किसी भी बयानबाजी से बचा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां ''बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय एवं तकनीकी सहयोग पहल (बिम्सटेक)'' शिखर सम्मेलन से इतर करीब 40 मिनट की बैठक में एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति भारत के समर्थन को रेखांकित किया। बैठक में यूनुस ने अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण और सीमा पर हत्याओं के मुद्दे भी उठाए।
प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस से कहा कि कानून का सख्ती से पालन तथा अवैध सीमा पार करने की रोकथाम, विशेषकर रात के समय, सीमा सुरक्षा



और स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''बांग्लादेश ने शेख हसीना के संबंध में औपचारिक अनुरोध किया है। इस मामले पर मेरे लिए और कुछ कहना उचित नहीं होगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार श्री मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। भारत बांग्लादेश के साथ रचनात्मक और जन-केंद्रित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैंने बांग्लादेश में शांति, स्थिरता, समावेशिता और लोकतंत्र के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। अवैध सीमा पार करने की घटनाओं को रोकने के उपायों पर चर्चा की और हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हमारी गंभीर चिंता व्यक्त की।'' प्रधानमंत्री मोदी ने संबंधों के प्रति भारत के जन-केंद्रित दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया और कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग से लोगों को लाभ हुआ है। मिस्री ने यूनुस के साथ मोदी की बातचीत के बारे में बताया, ''इसी भावना से उन्होंने प्रोफेसर यूनुस को व्यावहारिकता की भावना के आधार पर बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की भारत की इच्छा से अवगत कराया।'' मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के मुद्दे पर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बांग्लादेश सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उनके खिलाफ अत्याचार के मामलों की गहन जांच करेगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ''नेताओं ने बिम्सटेक ढांचे के अंतर्गत क्षेत्रीय एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए परामर्श और सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।''

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.60 अरब डॉलर बढ़कर 665.40 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.60 अरब डॉलर बढ़कर 665.40 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार चौथा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.16 अरब डॉलर बढ़कर 565.01 अरब डॉलर हो गईं।

## डब्ल्यूबीपीडीसीएल समेत बंगाल के दो ताप विद्युत संयंत्र प्रदर्शन के मामले में शीर्ष पर : ममता

**कोलकाता,समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि 'वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) को देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनी का दर्जा दिया गया है, जबकि राज्य के दो ताप विद्युत संयंत्र भी प्रदर्शन के लिहाज देशभर में शीर्ष पर हैं। उन्होंने यह दावा केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की नवीनतम रैंकिंग का हवाला देते हुए किया। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपलब्धि साझा करते हुए कहा कि डब्ल्यूबीपीडीसीएल ने प्रमुख प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 88.9 प्रतिशत का 'प्लांट लोड फैक्टर' (पीएलएफ) हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट में कहा कि




हम एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ हैं!! केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने परिचालन दक्षता (पीएलएफ – प्लांट लोड फैक्टर) मापदंडों के आधार पर देश के सभी 201 ताप विद्युत संयंत्रों की वार्षिक रैंकिंग की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूबीपीडीसीएल, एक कंपनी के रूप में (कुल पीएलएफ 88.9 प्रतिशत के साथ), देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनी का दर्जा प्राप्त कर चुकी है, जिसने एनटीपीसी, डीवीसी, अदाणी पावर, रिलायंस पावर, टाटा पावर, टोरेंट पावर आदि जैसी दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024-25 के लिए, सीईए ने डब्ल्यूबीपीडीसीएल के सांतालडीह ताप विद्युत संयंत्र (पीएलएफ 94.38 प्रतिशत के साथ) को देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ताप विद्युत संयंत्र का सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों, अभियंताओं और कामगारों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बकरेश्वर संयंत्र (पीएलएफ 93.3 प्रतिशत) को भारत सरकार द्वारा दूसरा स्थान, सागरदिघी (पीएलएफ 90.86 प्रतिशत) को चौथा और बंदेल (पीएलएफ 89.62 प्रतिशत) को राष्ट्रीय स्तर पर नौवां स्थान दिया गया है।

## दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन

### भारत कुमार के नाम से मशहूर थे

**मुंबई :** भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उन्हें अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनकी देश प्रेम वाली फिल्मों के लिए उन्हें 'भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस



ली। इस खबर के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। दोपहर बाद विशाल टॉवर, जुहू में उनके अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। कल सुबह पवन हंस श्मशान घाट, जुहू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर अभिनेता ने सुबह 3:30 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह दिल का दौरा बताई गई। रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की गई कि मनोज कुमार पिछले कुछ महीनों से डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी, 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशभर में मुसलमानों का प्रदर्शन




**नयी दिल्ली / कोलकाता :** वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया।
कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ उच्चतम न्यायालय पहुंचे कांग्रेस, एआईएमआईएम के नेता

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती दी और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। जावेद की याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किये गये हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं। ओवैसी की याचिका वकील लजफीर अहमद ने दायर की। बिहार के किशनगंज से लोकसभा सांसद जावेद इस विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य रहे। उन्होंने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि विधेयक में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने के आधार पर ही वक्फ कर सकेगा। याचिका में कहा गया है, इस तरह की सीमाएं इस्लामी कानून, परंपरा के अनुसार निराधार हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं। ओवैसी ने अपनी याचिका में कहा कि इस विधेयक के जरिये वक्फ संपत्तियों से संरक्षण छीन लिया गया है जबकि हिंदू, जैन, सिख धार्मिक एवं धर्मार्थ संस्थाओं को यह संरक्षण मिला हुआ है। अधिवक्ता लजफीर अहमद द्वारा दायर ओवैसी की याचिका में कहा गया है, वक्फ को दी गई सुरक्षा को कम करना जबकि अन्य धर्मों के धार्मिक व धर्मार्थ बंदोबस्तों का संरक्षण बरकरार रखना मुसलमानों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण भेदभाव है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है, जिसमें धर्म के आधार पर भेदभाव पर रोक है।

## शेयर बाजार टूटने से निवेशकों की संपत्ति 10 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में 10 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। वैश्विक व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच कमजोर वैश्विक बाजारों के कारण सभी क्षेत्रों में बिकवाली हुई। इसके अलावा, विश्लेषकों ने कहा कि बाजार की दिग्गज रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस में भारी बिकवाली और कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट ने भी धारणा को प्रभावित किया। इससे नरमी की आशंकाओं का संकेत मिलता है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 930.67 अंक गिरकर 75,364.69 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,054.81 अंक टूटकर 75,240.55 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में कमजोर रुख के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,98,379.46 करोड़ रुपये घटकर 4,03,34,886.46 करोड़ रुपये (4,730 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई में 2,820 शेयरों में गिरावट आई, 1,126 शेयरों में तेजी आई और 130 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित, कुल 16 विधेयक पारित किये गए

### राज्यसभा का 267वां सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, 119 प्रतिशत कामकाज हुआ

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए कहा कि इस सत्र के दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किये गए। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के शोरगुल और नारेबाजी के बीच कहा, ''(बजट) सत्र में 26 बैठकें हुईं तथा कुल उत्पादकता 118 प्रतिशत से अधिक रही। राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू)



के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 173 सदस्यों ने भागीदारी की।'' बिरला ने कहा कि सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया, वहीं सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किये गए और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 सहित 16 विधेयक पारित किये गए। उन्होंने कहा कि सत्र में तीन अप्रैल तक शून्य काल के दौरान 202 सदस्यों ने लोक महत्व के विषय उठाये, जो सदन में एक रिकार्ड है।

## गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 10 रुपये, 500 रुपये के नोट जारी करेगा आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) शृंखला के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करेगा, जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) शृंखला के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी।

## शाह ने वक्फ संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी की सराहना की

### कहा वर्षों से जारी अन्याय खत्म होगा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दिए जाने से वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार समाप्त होगा तथा न्याय और समानता के युग का आरंभ होगा। शाह की यह टिप्पणी राज्यसभा द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के कुछ समय बाद आई। लोकसभा ने बृहस्पतिवार को विधेयक को मंजूरी दी थी। उन्होंने सोशल मडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज एक ऐतिहासिक दिन है, जब संसद ने 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' को स्वीकृति देकर वर्षों से जारी अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है।'' गृह मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्ति अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, ''करोड़ों लोगों को न्याय देने वाले इस महत्त्वपूर्ण विधेयक के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू को बधाई देता हूं। साथ ही, इसका समर्थन करने वाले सभी दलों व सांसदों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।''

## मंत्रिमंडल ने रेलवे की 18,658 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शुक्रवार को रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में फैली इन चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 1,247 किलोमीटर की वृद्धि होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन के बीच तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा के बीच पांचवी और छठी लाइन और




कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

गोंदिया-बलहारशाह मार्ग का दोहरीकरण शामिल है। सरकार के मुताबिक इन परियोजनाओं से रेलगाड़ियों की गति में सुधार होगा जिससे भारतीय रेलवे बेहतर दक्षता से युक्त और विश्वसनीय सेवा मुहैया करा सकेगी। विज्ञप्ति के मुताबिक ये 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। इसमें कहा गया कि ''ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाएगा, जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।''

## चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया

### ट्रंप ने घबराहट बताया

**बीजिंग :** चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर पलटवार करते हुए वहां से आयात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। चीन ने यह कदम चीनी उत्पादों के आयात पर अमेरिका में 34 प्रतिशत शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के जवाब में उठाया है। इसके साथ ही चीन ने कुछ दुर्लभ धातुओं पर निर्यात नियंत्रण की भी घोषणा की है। इसका उद्देश्य अमेरिकी रक्षा, कंप्यूटर और स्मार्टफोन उद्योगों को नुकसान पहुंचाना है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, राज्य परिषद के सीमा शुल्क आयोग ने शुक्रवार को बताया कि नवघोषित शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे। शिन्हुआ के मुताबिक, आयोग ने कहा कि अमेरिका का



कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का पालन नहीं करता है और एकतरफा दबंगई के विशिष्ट कृत्य को दर्शाता है। चीन के इस कदम की आलोचना करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, चीन ने गलत कदम उठाया, वे घबरा गए। यह एक ऐसी चीज है जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने अपने फैसले पर कहा, मेरी नीतियां कभी नहीं बदलेंगी। यह अमीर बनने का एक अच्छा समय है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा व्यापार साझेदार देशों पर 'जवाबी शुल्क' लगाए जाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत भी दर्ज कराई है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, तथाकथित 'जवाबी शुल्क' लगाकर अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ के नियमों का गंभीर उल्लंघन किया है, डब्ल्यूटीओ सदस्यों के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से कमजोर किया है और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापार व्यवस्था को गंभीर चोट पहुंचाई है।



## प्रतिकूल परिस्थितियों को अवसर बनाए भारत

पूरी दुनिया को टैरिफ युद्ध की चेतावनी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अब इसे हकीकत बना दिया है। तमाम विकासशील व विकसित देशों के साथ भारत भी इसकी जद में आया है। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने हालात से समझौता करने का निर्णय किया है। कमोबेश, इसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के मुकाबले लगाए गए टैरिफ को स्वीकार कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने अपने-अपने देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने के लिये जवाबी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत के लिये अच्छी बात यह है कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धी-चीन, वियतनाम,बांग्लादेश और थाईलैंड पर हम से कहीं अधिक शुल्क लगाया गया है। नई दिल्ली को यह भी उम्मीद है कि वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम चल रहा है, जिसके जरिये घरेलू उद्योग को टैरिफ वृद्धि के दुष्प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर मौजूद हैं। इस दौरान भारत को व्यापार करने में आसानी बढ़ाने तथा लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। ध्यान रहे कि ऐसा ही अवसर भारत के सामने तब भी आया था जब कोविड-19 महामारी के चलते चीन के उत्पादन की रफ्तार धीमी हो गई थी। चीन ने ऐसा कदम लंबे समय से चली आ रही जीरो टॉलरेंस की कोविड नीति के चलते उठाया था। जिसके चलते अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित किया था। लेकिन भारत इसके बावजूद हालात का ज्यादा लाभ नहीं उठा पाया था। विडंबना ये रही कि वियतनाम और थाईलैंड वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों का अधिकतम लाभ उठाने में भारत से आगे निकल गए। अतीत से सबक लेकर भारत को नई स्थितियों का लाभ उठाने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहना चाहिए।

वैसे इन हालात में बहुत कुछ भारत की तुलना में ट्रंप के टैरिफ से अधिक प्रभावित देशों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। इन स्थितियों में एक चिंताजनक संभावना यह भी है कि चीन और वियतनाम जैसे देश पहले से ही अमेरिका के लिये निर्धारित अपने निर्यात को भारत में भेजने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें कम लागत वाले सामानों के जरिये भारतीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। भारतीय बाजार तो पहले ही चीन के सस्ते उत्पादों से पटे पड़े हैं। जिससे दोनों देशों में व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार में हमारा घाटा 85 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। वैसे चिंता की बात यह भी है कि भारत ने बीजिंग के साथ व्यापार घाटे को कम करने की दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाये हैं। हालांकि, भारत ने कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जरूर लगाई है। इसका मकसद स्वदेशी उत्पादों को पड़ोसी देश के सस्ते आयात से संरक्षण देना ही था। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम करने की योजना को लागू करते वक्त इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ चलना होगा कि कहीं चीन भारत को प्रतिस्पर्धा के बाजार में शिकस्त न दे दे। आज जब भारत दुनिया का सबसे अधिक युवाओं वाला देश है तो हमें अपनी श्रमशक्ति के बेहतर उपयोग की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हम कौशल विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। कुशल कामगारों से हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही विदेश निवेश बढ़ाने के साथ ही घरेलू निवेश को गति देने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अमेरिका समेत अन्य देशों में जो मंदी की आहट महसूस की जा रही है, उससे हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षा दे सकेंगे। निस्संदेह, आने वाले दिनों में यह टैरिफ युद्ध दुनिया में और अधिक विस्तार ले सकता है। भारत को अपने निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने की दिशा में भी सोचना होगा।

# मन की शुद्धता से प्रसन्न होती हैं महागौरी



घनश्याम बादल

**दुर्गा अष्टमी**

व्रत, उपवास और पूजा-पाठ हिंदू धर्म की पहचान हैं । उसकी यह विशेषता उसे अन्य धर्मों से विशिष्ट बनाती है । वर्ष में एक से अधिक बार ऐसे अवसर आते हैं जब श्रद्धालु हिंदू एक या दो दिन नहीं बल्कि कई कई दिन व्रत एवं उपवास करके अपने इष्ट देव या देवियों को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं ऐसा ही एक अवसर है चैत्र नवरात्र ।

चैत्र नवरात्री में आठवां नवरात्र दुर्गा अष्टमी के नाम से जाना जाता है । भक्तजन आठवें दिन महागौरी की पूजा कर उनसे जीवन को सफल और सकारात्मक बनाने का आशीर्वाद मांगते हैं । बहुत से भक्त इस दिन कन्या पूजन कर अपना व्रत खोल लेते हैं।

**महागौरी परिचय**

पुराणों में मां गौरी का विवरण इस तरह मिलता है ।महागौरी सफेद रंग के बैल पर सवार हैं ,श्वेत वस्त्र धारण करती हैं । मान्यता है कि उनका जन्म महादेव को प्रसन्न करने के लिए हुआ है। यें पूर्णतः गौर वर्ण है और इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। 'अष्टवर्षा भवेद् गौरी' से स्पष्ट है कि इनकी आयु आठ साल मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरा भी कहा जाता है। माता महागौरी पार्वती का ही रूप हैं।

देवीभागवत पुराण के अनुसार, मां के नौ रूप और दस महाविद्याएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन भगवान शिव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। मान्यता है कि मां गौरी की कृपा से मनुष्य का चरित्र भी उज्ज्वल हो जाता है। माता की चार भुजाओं में से। एक हाथ वर मुद्रा है, एक अभय मुद्रा । एक हाथ में भगवान शिव का वाद्य यंत्र डमरू है तो एक हाथ में त्रिशुल है, भले ही मां गोरी के हाथों में भगवान रुद्र के दो शस्त्र हैं लेकिन महागौरी अत्यंत शांत और गंभीर हैं।

**महागौरी की उत्पत्ति**

मिथकों के अनुसार सती ने आत्मदाह के बाद पार्वती के रूप में दूसरा जन्म लिया था। पार्वती ने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तप किया। जब शिव अत्यंत



तपश्चर्या के बाद भी प्रकट नहीं हुए, तो पार्वती ने अन्न-जल त्याग कर शिव की उपासना शुरू की इससे पार्वती का शरीर अत्यंत काला और दुर्बल हो गया। माना जाता है कि उनके इसी रूप से कौशिकी देवी का जन्म हुआ था। जब भगवान शिव को पार्वती के घोर तप का पता चला तो उन्होंने पार्वती को दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूरी करने का वरदान दिया और स्वयं शिव ने गंगाजल से पार्वती को स्नान करवाया। इसके वे अत्यंत उज्ज्वल हो गईं। देवी पार्वती के इसी रूप को महागौरी कहा जाता है। मान्यता है कि इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं।

**पूजा का फल :**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार महागौरी की पूजा से शुक्र से संबंधित समस्त दोष दूर हो जाते हैं। विवाह संबंधी समस्या होने पर भी महागौरी की पूजा करनी चाहिए। ऐसा माना जाता है कि माता सीता ने भी राम को पति रूप में पाने के लिए महागौरी की पूजा की थी। और माता के आशीर्वाद से उन्हें श्रीराम जैसा विष्णु का अवतार वर प्राप्त हुआ इसीलिए नवरात्रों के अवसर पर जो कन्याएं मनोवांछित वर प्राप्त करना चाहती हैं उनसे विशेष रूप से नवरात्र की अष्टमी को व्रत रखने के लिए कहा जाता है यदि सच्चे मन से मां गौरी की अराधना करते हुए अपने योग्य वर मांगती है तो उनकी इच्छा अवश्य पूरी होती है।

**पूजन विधि :**

महागौरी पूजा से पहले घर में नवरात्रि में स्थापित कलश, गणेश, गौरी और नवग्रह की पूजा करनी चाहिए। तत्पश्चात महागौरी का आह्वान करके उन्हें स्नान, ध्यान, फल, फूल, धूप, दीप और नैवेद्य से प्रसन्न करके दुर्गासप्तशती के मंत्रों का विशेष पाठ करना चाहिए। महागौरी के किसी भी एक मंत्र का 108 बार पाठ करना उचित हैऔर अष्टमी को कन्याओं को भोजन जरूर करवाना चाहिए। माता महागौरी को खीर और हलवे का भोग बहुत पसंद है उन्हें यह भोग जरूर अर्पित करना चाहिए। साथ ही साथ नारियल या नारियल से बनी हुई वस्तुओं का भूख भी माता को कन्याओं को प्रसाद स्वरूप देकर लगाना चाहिए मां को लाल रंग के पुष्प विशेष दी है अतः उनके सहायकों को चढ़ाने से मां अत्यंत प्रसन्न होती हैं ।

**महागौरी मंत्र :**

जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा मां गौरी को प्रसन्न करने के लिए इस मंत्र का 108 बार जाप करना विशेष फलदाई माना जाता है।

या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

महागौरी की प्रसन्नता के लिए सिद्ध कुंजिका स्तोत्र, महागौरी स्तोत्र या कवच का पाठ करना अच्छा रहता है। हर व्यक्ति को जीवन में प्रसन्नता, आर्थिक उन्नति, सफलता, लाभ और धर्म की प्राप्ति के लिए नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। मान्यता है कि पूजन के साथ-साथ तन, मन तथा कर्म की शुद्धता का होना भी आवश्यक है इसीलिए महागौरी की पूजन के लिए तन व मन को विशेष रूप से पवित्र रखना चाहिए।

# पंबन ब्रिज में दिखती है देश की बुलंदी



**के अन्नामलाई**
अध्यक्ष, भाजपा तमिलनाडु एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृतअधिकारी

जब देश का नेतृत्व मजबूत होता है और नए विजन के साथ काम करता है तो नए कीर्तिमान बनते हैं। ऐसी संरचनाएं तैयार होती हैं, जिस पर देश गर्व करे, जिसे देख हर नागरिक अपना सीना चौड़ा कर ले और राष्ट्र की उन्नति के लिए अपना सर्वोत्कृष्ट देने हेतु प्रेरित हो जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा ही शक्तिशाली और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। विगत 10 वर्षों में राष्ट्र ने अनेक नई ऊंचाइयों को छुआ है। देश की जीवन रेखा भारतीय रेल ने भी इस अवधि में नए प्रतिमान गढ़े हैं। वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत की त्रिवेणी से देश की ट्रेनों को एक नया विकसित आयाम प्राप्त हुआ है। कश्मीर तक सीधी ट्रेन चलाने के लिए चिनाब और अंजी ब्रिजों के निर्माण से देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। इसी क्रम में दक्षिण में रामेश्वरम को देश की मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए बनाए गए नए पंबन पुल से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को एक नई पहचान मिली है।

आधारभूत संरचनाओं की मजबूती के लिए बनाई जा रही बड़ी परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने से यह बात साबित हो गई है कि देश की विकास की धारा और उसकी गति सही दिशा में है। समुद्री लहरों की चुनौती को पार करते हुए पुल का निर्माण करना एक दुष्कर कार्य माना जाता है। इस प्रकार के कार्य को संपादित करने में सामान्यतः दशकों लग जाते हैं जिससे परियोजना की लागत भी कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन प्रधानमंत्री का स्पष्ट विजन कि जिन परियोजनाओं का वह शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी वही करते हैं, ने देश की ब्यूरोक्रेसी और टेक्नोक्रेसी को सही समय पर योजनाओं को



पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंबन पुल का शिलान्यास 2019 में किया था। 5 वर्षों की अवधि में रामेश्वरम और भारत की मुख्य भूमि के बीच समंदर के ऊपर नया पुल बनकर तैयार हो गया। और अब नरेन्द्र मोदी ही इस पुल का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इससे पूरे देश में उत्साह है। 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल कई मामलों में विशिष्ट है। इस पुल में 18.3 मीटर के 99 स्पैन और 72.5 मी का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। यह पुराने पुल की तुलना में तीन मीटर ऊंचा है जिससे बड़े जहाज को पार करने में भी सुगमता होगी। इसके सब-स्ट्रक्चर में 333 पाइल्स है और इसकी संरचना इस तरह से तैयार की गई है कि वर्षों तक रेलवे एवं समुद्री परिचालन सुरक्षित तरीके से होता रहे। इस पुल में एंटी कोरोजन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। पॉलीसिलॉक्सासिन पेंट, उन्नत किस्म का स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंनफोर्स प्लास्टिक के उपयोग से पुल को ऐसी मजबूती मिली है कि यह दीर्घकाल तक टिकाऊ रहेगा।

पंबन पुल के निर्माण से भारत की डिजाइन एवं सर्टिफिकेशन में तकनीकी श्रेष्ठता स्थापित हुई है। पूरा विश्व अब यह जान गया है कि आईआईटी चेन्नई और आईआईटी बॉम्बे जैसी संस्थाएं समुद्री पुल के डिजाइन का चुनौतीपूर्ण कार्य मुस्तैदी के साथ करने में सक्षम हैं।

रामेश्वरम द्वीप भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग है। श्री रामेश्वरम लिंग की स्थापना रामायण काल में प्रभु श्री राम द्वारा की गई। माता सीता की खोज में लंका जाने के क्रम में प्रभु श्री राम रामेश्वरम में रुके और फिर समुद्र पर पुल बनाने से पहले भगवान शिव की आराधना की। श्री रामेश्वरम स्थित शिवलिंग और श्री रामेश्वरम मंदिर से करोड़ों भारतीयों की आस्था जुड़ी हुई है। प्रत्येक वर्ष लाखों लोग प्रभु के दर्शन के लिए रामेश्वरम जाते हैं। नए पंबन पुल के निर्माण के साथ ही एक बार फिर से पूरे देश से रामेश्वरम की सीधी रेल कनेक्टिविटी स्थापित हो गई है जिससे रामेश्वरम जाने वाले तीर्थ यात्रियों को काफी लाभ होगा। इससे रामेश्वरम की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

वस्तुतः भारत की प्रगति, नवाचार और विरासत का एक साथ प्रतिनिधित्व करने वाला नया पंबन पुल देश के इंजीनियरिंग कौशल और मजबूत नेतृत्व का प्रतिनिधि भी बन गया है।

## विदेश की खबरें

### बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में व्यापार संबंध सुधारने और आपदा राहत कार्यों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति




बैंकॉक : बंगाल की खाड़ी के निकटवर्ती देशों के नेताओं ने शुक्रवार को बैंकॉक में शिखर सम्मेलन के समापन पर व्यापार और परिवहन सहयोग में सुधार लाने का संकल्प लिया। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने कहा कि बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में शामिल सात देशों ने म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने पर सहमति जताई।

शिखर सम्मेलन की अध्यक्ष शिनवात्रा ने कहा कि नेताओं ने भूकंप से संबंधित एक संयुक्त बयान में संवेदना, एकजुटता और प्रभावित देशों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण ये बैठकें विवादों में रहीं, जिन्हें 2021 में सत्ता संभालने और उसके बाद हुए क्रूर उत्पीड़न के कारण कई देशों ने दरकिनार कर दिया है। उन्हें म्यांमा की सदस्यता वाले एक अन्य संगठन दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ की बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई है। उनके विरोधियों ने बिम्सटेक से उनके साथ संबंध न रखने का आह्वान किया है। बिम्सटेक में भारत, थाईलैंड, म्यांमा, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं। वर्ष 2021 में इंडोनेशिया में एक क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद से यह मिन आंग ह्लाइंग की चीन, रूस और बेलारूस - के अलावा किसी अन्य देश की पहली यात्रा थी। चीन, रूस और बेलारूस को म्यांमा में सैन्य सरकार का समर्थक कहा जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने वात फो मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की

**बैंकॉक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक के वात फो मंदिर गए, जो अपनी वास्तुकला और लेटे हुए बुद्ध की 46 मीटर लंबी विशाल प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। विशेष सद्भावना प्रकट करते हुए थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा मोदी के साथ मंदिर गईं। मोदी ने मंदिर में लेटे हुए भगवान बुद्ध के समक्ष प्रार्थना की और वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं को 'संघदान' दिया। प्रधानमंत्री ने बुद्ध श्राइन को अशोक के सिंह स्तंभ की प्रतिकृति भी भेंट की तथा भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत एवं जीवंत तथा सभ्यतागत संबंधों को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'आज मुझे बैंकॉक में ऐतिहासिक वात फ्रा चेतुफोन विमोनमंगकलाराम रत्चवोरमाहविहान या वाट फो का दौरा करने का सम्मान मिला। मैं प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा को साथ मंदिर आने और विशेष सम्मान प्रकट करने के लिए धन्यवाद देता हूं।'

### मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात की, साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जताई सहमति



बैंकॉक : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत और नेपाल ने दोनों देशों में रहने वाले लोगों के बीच भी साझेदारी को मजबूत बनाने पर सहमति जताई। ओली ने छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की, जिसमें व्यापार और परिवहन में सहयोग बढ़ाने तथा म्यांमा और थाईलैंड में आए भूकंप की पृष्ठभूमि में प्राकृतिक आपदा राहत प्रयासों को बढ़ाने पर सहमति बनी। नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच ओली थाईलैंड के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ओली के साथ उनकी बैठक सार्थक रही। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत, नेपाल के साथ संबंधों को अत्यधिक प्राथमिकता देता है। हमने भारत-नेपाल मित्रता के विभिन्न पहलुओं, खासकर ऊर्जा, संपर्क, संस्कृति और डिजिटल प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने इस वर्ष के बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के कुछ प्रमुख सकारात्मक परिणामों, खासकर आपदा प्रबंधन और समुद्री परिवहन के क्षेत्रों पर भी बात की। ओली ने भी बैठक को सार्थक करार दिया और कहा कि वह मोदी से मिलकर प्रसन्न हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 अप्रैल, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष अष्टमी, 19:32 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 29:30 तक, योग : अतिगंदा, 20:06 तक, सूर्योदय: 5:26, सूर्यास्त: 17:54, चन्द्रोदय : 11:11, चन्द्रास्त: 00:25, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 08:34 से 10:06

## राशिफल

**मेष :** आज आपके मन में कामों को लेकर उलझन रहेगी। किसी दूसरी नौकरी का भी आपको ऑफर आने की संभावना है। परिवार में किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती है।

**वृष :** आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका कोई विरोधी खड़ा हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घर में बड़े बुजुर्गों से आपकी खूब पटेगी। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने धन का कुछ हिस्सा गरीबों की सेवा में भी लगाएंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके काम समय से पूरे होंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनके कामों के लिए कोई पुरस्कार मिलेगा और उन्हें प्रमोशन आदि भी मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आप किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर अपने भाइयों से बात कर सकते हैं।

**मकर :** अआज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेंगे। आपका धार्मिक कामों में आपका खूब मन लगेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। यदि आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कोई बदलाव कर सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**मीन :** आज आपको यदि किसी बात को लेकर क्रोध है, तो भी आप उसमें धैर्य बनाए रखें। कामकाज में आपको अच्छी तरक्की मिलेगी। आपको मानसिक तनाव रहने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

## वर्ग पहेली नं. 3053

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | ■ | |
| | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | | | ■ | ■ | 21 | | | ■ |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | 25 |
| | ■ | 26 | | | ■ | ■ | 27 | | |
| 28 | | | ■ | 29 | | | | ■ | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) एक पेय; पर्याप्त; बहुत, 2) किसी विशिष्ट कार्य में प्रवीण, 6) पहुँचा; परिचारिका; *नर्स*, 7) स्त्री, 8) तीव्रोन्माद; उत्तेजना; क्रोध, 9) वर्षा मेघ; जलधर, 11) स्वाह; भस्म, 13) कुछ पाने की अधिक और अनुचित इच्छा, 15) एक मीठी वनस्पति, 17) जलाना, 18) तमग़ा; *मैडल*, 20) शरीफ़; *जैंटलमन*, 21) उक्ति; वचन; आज्ञा; भारत के एक भूतपूर्व वैज्ञानिक राष्ट्रपति, 22) पशु खाद्य; उपाय; विकल्प, 23) सुगठितकाय; सुदृढ़, 24) अनखिला फूल, 26) एक वाद्य, 27) अवरोध; बाधा, 28) एकपक्षीय; पक्षपाती, 29) रि श्तेदार.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) चुग़लख़ोरी, 2) शरीर, 3) छटपटाना; धीरे-धीरे हिलना-डोलना, 4) अल्पतम; सीतापुत्र, 5) जोखिमपूर्ण; नाजुक; ख़तरनाक, 6) आधार, 10) समूह; पक्ष *(राजनीतिक)*, 12) खान, 14) मेघविद्युत, 16) लेखाचिट्ठा; पटवारी वही, 19) अग्निशामक गाड़ी, 21) चूड़ा; कठोर *(व्यवहारी)*, 22) माँग है, 23) गीत; काव्य, 25) भकोसना; हड़पना; हाथ मारना, 26) कुपरिस्थिति *(आर्थिक)*, 27) गधा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | मं | द | र | ■ | वा | रां | ग | ना | ■ |
| रे | ■ | ■ | सा | मा | न | ■ | ■ | दा | ह |
| आ | रो | प | ■ | ला | र | ■ | दा | न | व |
| म | ■ | क | ल | मा | ■ | चा | य | ■ | स |
| ■ | हा | ड़ | ■ | ल | क्ष | ■ | भा | ग्य | ■ |
| ग | ल | ना | ■ | ■ | प | तं | ग | ■ | दे |
| ज | ■ | ■ | अ | रु | ण | ■ | ■ | रा | ह |
| ग | ह | रा | ■ | प | क | वा | न | ■ | पा |
| ति | ■ | हु | लि | या | ■ | ■ | स | बू | त |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | 4 | | | | | |
| | | | | 7 | | | 8 | 3 |
| | | | | | | | | |
| | 7 | | | | | 1 | 3 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | 8 | | | 3 | | | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3012 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 |

# 'ममता बनर्जी इस्तीफा दें, वे जेल जाएंगी', शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर भाजपा का मुख्यमंत्री पर हमला

**❑ भाजपा ने पश्चिम बंगाल को बताया... 'भ्रष्टाचार का गढ़'**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। शुक्रवार को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि बंगाल में जो हो रहा है, उससे सभी वाकिफ हैं। बंगाल की परिस्थिति, बंगाल का भ्रष्टाचार, बंगाल में दीदी की दादागिरी आज पूरे भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में लोग देख रहे हैं।




संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी और उनकी सरकार में बंगाल में जिस प्रकार खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, आज उसकी गाज लाखों लोगों पर पड़ी है। कल सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में हुए 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर निर्णय दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें इतनी बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ था कि इस विषय को लेकर अनेक लोग कोर्ट में गए थे और उस समय बंगाल में इसे स्कूल भर्ती घोटाले के नाम से जाना गया। उन्होंने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने इस घोटाले को लेकर अपना निर्णय देते हुए कहा कि हमने इस केस के तथ्य को जांचा है और पूरा का पूरा मामला यानी भर्ती प्रक्रिया में धांधली की गई है, इसमें धोखाधड़ी की गई है और इस मामले में विश्वनीयता एवं पात्रता की धज्जियां उड़ाई गई है।

पात्रा ने कहा कि हरियाणा में दूसरी पार्टी के एक पूर्व मुख्यमंत्री को इसी तरह के भर्ती घोटाले में जेल जाना पड़ा था। दीदी भी जेल जाएंगी। अगर हम पश्चिम बंगाल में सत्ता में आए तो ममता बनर्जी पर कानून की पूरी ताकत पड़ेगी। संबित पात्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कभी शिक्षकों का सम्मान होता था, लेकिन ममता बनर्जी की वजह से एक गोल्ड मेडलिस्ट को रोना पड़ रहा है। कोर्ट ने करीब 5,000 दागी उम्मीदवारों को हटाने का आदेश दिया था, लेकिन ममता बनर्जी ने टीएमसी नेताओं को बचाने के लिए सभी छात्रों को मिलाकर गड़बड़ी की। नतीजतन, 20,000 से अधिक छात्रों को नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर भी, पैसे लेने वाले टीएमसी नेताओं को कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ा।

**❑ बंगाल सरकार की पूरी कैबिनेट जेल के भीतर होनी चाहिए : सुकांत मजूमदार**

वहीं, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला के बाद ममता बनर्जी दूसरी सीएम होंगी, जो शिक्षकों की भर्ती के मामले में जेल जाएंगी। मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार की पूरी कैबिनेट जेल के भीतर होनी चाहिए। इन्होंने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए सही उम्मीदवारों को भी उनके भाग्य पर छोड़ दिया गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को सलाह दी थी कि वे सही उम्मीदवारों की पहचान करें और भ्रष्ट उम्मीदवारों की जानकारी दें, लेकिन राज्य सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसका नतीजा ये हुआ कि सभी सफल उम्मीदवारों के चयन को भी निरस्त कर दिया गया।%

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_31_2024-25, दिनांक 02.04.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : "आरपीएफ डॉग स्क्वाड/लिलुआ के केनल, स्टाफ रूम, स्टोर रूम के नए निर्माण" नामक कार्य का विद्युतीकरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 11,54,444/-, **बयाना राशि :** रु. 23,100/- **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

MISC-05/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

I, Rachna Pandya, daughter of Yogesh Kumar Pandya, residing at 3, Mitra Lane, 1st floor, Kolkata-700007, do hereby solemnly affirm and declare that Rachna Pandya daughter of Yogesh Kumar Pandya and Rachna Yogesh Kumar Pandya daughter of Yogesh Kumar Pandya is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 2nd April 2025.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 05_2025-26, दिनांक: 02.04.2025,** मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण** : एईएन/बोलपुर (शांतिनिकेतन) के अधीन एसएसई/पी.वे/बोलपुर (शांतिनिकेतन) के तहत ड्रेन सफाई कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 56,51,566/-, **बयाना राशि :** रु. 1,13,000/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 03 (तीन) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-04/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 01_2025-26, दिनांक 04.04.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (इंजी.), गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** : लेवल क्रॉसिंग को हटाने के संबंध में पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत एलसी के स्थान में आरओबी/आरयूबी की व्यवहार्यता अध्ययन, मिट्टी की जाँच, विस्तृत सर्वे का संचालन एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जमा करना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,06,15,924.72, **बयाना राशि:** रु. 2,53,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** 0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 28.04.2025 को 12.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-06/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## स्कूल भर्ती मामले में राज्य सरकार न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम करेगी : ब्रात्य बासु

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) समिति के जरिये भर्ती किये गए लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को उच्चतम न्यायालय द्वारा अमान्य करार दिए जाने के एक दिन बाद, शिक्षा मंत्री ब्रात्य बासु ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन करेगी। राज्य शिक्षा मुख्यालय 'विकास भवन' में बासु ने पत्रकारों से कहा कि न्यायालय ने स्वयं अपने आदेश में 'दागी' शब्द का प्रयोग किया है, जो 2016 की भर्ती प्रक्रिया में दागी/बेदाग अभ्यर्थियों की संख्या के बारे में एसएससी की दलील की पुष्टि करता है। बासु ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि वह आयोग की दलीलों से संतुष्ट नहीं है और एसएससी के अध्यक्ष ने पहले



ही बताया था कि वह इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत से मार्गदर्शन करने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री के रूप में मैं कह सकता हूं कि हम शैक्षणिक और राजनीतिक, दोनों दृष्टिकोण से वंचित, योग्य अभ्यर्थियों के साथ खड़े हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद 26,000 प्रभावित शिक्षकों में से 17,000 के स्कूल नहीं जाने से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए बासु ने कहा कि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## तृणमूल तीन सांसदों के खिलाफ लेंगी एक्शन! वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान लोकसभा से रहे थे गैरहाजिर

### महत्वपूर्ण दिन तीनों सांसदों की अनुपस्थिति से पार्टी नेतृत्व नाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस शुरू से ही वक्फ संशोधन विधेयक का पुरजोर विरोध करते हुए इस मुद्दे पर केंद्र के खिलाफ मुखर रही है। इस बीच, लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस और मतदान के वक्त तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसद अनुपस्थित थे। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का एक वर्ग इसको लेकर नाराज है। पार्टी इनकी अनुपस्थिति पर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी से चर्चा के बाद इन तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पार्टी सूत्रों ने इसके संकेत दिए हैं। अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों में घाटाल के सांसद व अभिनेता दीपक अधिकारी उर्फ देव, बीरभूम की सांसद और अभिनेत्री शताब्दी राय और कूचबिहार के सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया शामिल हैं। लोकसभा में तृणमूल के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी ने कहा कि ये तीनों सदस्य संसद में वक्फ पर बहस के दौरान मौजूद नहीं थे। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, इनमें से केवल देव ने ही संसदीय दल के सदस्य को बताया था कि वह शूटिंग के लिए झारखंड में हैं। इसलिए वह संसद में उपस्थित नहीं हो सकेंगे। बाकी दोनों सांसदों ने अपनी अनुपस्थिति को लेकर पार्टी को जानकारी नहीं दी थी। इस संबंध में कूचबिहार के सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया ने कहा कि अचानक एक अप्रैल को मुझे पता चला कि अगले दिन वक्फ विधेयक पेश किया जाएगा। मैं एक पारिवारिक समस्या में फंस गया था, इसलिए मैं नहीं जा सका। अगर मुझे थोड़ा पहले पता होता तो मैं निश्चित रूप से उस दिन संसद की कार्यवाही में शामिल हो जाता। इधर, अब पार्टी इन सांसदों के लिए क्या रास्ता अपनाती है, इस बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। तृणमूल संसदीय दल के सूत्रों के अनुसार, तीनों सांसदों के संबंध में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से चर्चा के बाद ही आगे का कदम उठाया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-270-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सेस मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,53,10,312.95, **बयाना राशि :** रु.2,26,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-04/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ममता सरकार को हाई कोर्ट से झटका, हावड़ा में रामनवमी रैली निकालने की मिली इजाजत

### कोर्ट ने शांतिपूर्ण रैली सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से शुक्रवार को ममता सरकार को जोर का झटका लगा है। कोर्ट ने हिंदू संगठन अंजनी पुत्र सेना को हावड़ा में प्रस्तावित रूट पर रामनवमी की रैली निकालने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने छह अप्रैल को रामनवमी की रैली निकालने की अनुमति दे दी है।



हालांकि, कोर्ट ने हिंदू संगठन को शांतिपूर्ण रैली सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई है। जानकारी के मुताबिक, यह रैली नरसिंह मंदिर से शुरू होगी और जीटी रोड से होते हुए हावड़ा मैदान में खत्म होगी। कोर्ट ने शर्तों में कहा कि रैली में किसी व्यक्ति के पास हथियार नहीं होना चाहिए। झंडे और प्लास्टिक का गदा लेकर लोग जा सकते हैं। रैली के आगे और पीछे पुलिस की गाड़ियां तैनात रह सकती है। वहीं, कोर्ट ने रैली की टाइमिंग पर भी शर्तें लगाई है। कोर्ट ने कहा कि रैली सुबह 8.30 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे के बीच निकालनी होगी। रौली में 500 लोग शामिल हो सकते हैं। हावड़ा में रामनवमी की रैली निकाली जाएगी। बता दें कि रामनवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की ओर से भी रैली निकाली जाएगी। दोनों की रैलियों की रूट अलग-अलग है। विश्व हिंदू परिषद की रैली बीई कॉलेज गेट-1 से शुरू होकर मल्लिक गेट के रास्ते रामकृष्णपुर घाट पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजकों ने रैली के लिए बंगाल पुलिस से अनुमति मांगी थी। हावड़ा पुलिस ने प्रस्तावित रूट पर यात्रा निकलने की अनुमति नहीं दी थी।

## अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कोलकाता में वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ किया प्रदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को यहां पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर विरोध प्रदर्शन किया और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दिन, सैकड़ों मुसलमान इस विवादास्पद विधेयक के प्रति अपना विरोध व्यक्त करने के लिए महानगर की सड़कों पर उतर आए तथा कई अल्पसंख्यक संगठन भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह विधेयक देश को बांटने के लिए भाजपा की चाल है। उन्होंने अपने बहुमत के कारण लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विधेयक पारित करा दिया है। हम इस तानाशाही दृष्टिकोण का विरोध करते हैं। यह न केवल मुस्लिम संपत्तियों को जब्त करने का प्रयास है, बल्कि हमें बदनाम करने का भी प्रयास है। प्रदर्शनों के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया तथा बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर एकत्र हो गए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डब्ल्यूएलटी-0101-एलएचबी-सीटीआरबी-टिमकेन8,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन), खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए उल्लिखित मदों पर 12.00 बजे से पहले ई-निविदा आमंत्रित की जाती है और 12.30 बजे खोली जाएगी। **कार्य का नाम:** एकल निविदा के आधार पर ओईएम मेसर्स टिमकेन इंडिया लिमिटेड से दो (02) वर्षों के लिए, खड़गपुर वर्कशॉप के व्हील शॉप के लिए एलएचबी कोच, टिमकेन प्रस्तुतकारक के 12900 अदद सीटीआरबी यूआईसी 130 का रिफर्बिशमेंट (नवीनीकरण)। **कार्य की अनुमानित लागत जीएसटी @ 18% सहित:** रु. 30,78,56,178/-, **बयाना राशि:** रु. 16,89,300/-, **ई-निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 28.04.2025 को 12.00 बजे। वेबसाइट का विवरण:**www.ireps.gov.in** इच्छुक निविदाकार निविदाओं के विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** निविदा बंद होने की तिथि से पंद्रह दिन पहले, जिस दौरान निविदाकार अपना प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। **(PR-18)**

**दो और ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें**

ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, 2 अदद स्पेशल ट्रेनें यानी **04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल** एवं **02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल** ट्रेनें नीचे उल्लिखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा की तिथियों तथा गठन के अनुसार चलाई जाएगी:

**04153/04154 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल**

| कानपुर सेंट्रल-कोलकाता | | | (04153) (04154) | कोलकाता-कानपुर सेंट्रल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
| गुरु, सोम | - | 14.00 | ↓ कानपुर सेंट्रल | 04.30 | - | शनि, बुध |
| | 19.40 | 19.50 | पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. | 20.40 | 20.50 | शुक्र, मंगल |
| शुक्र, मंगल | 01.40 | 01.45 | धनबाद | 15.30 | 15.35 | |
| | 03.30 | 03.32 | दुर्गापुर | 13.19 | 13.21 | |
| | 07.50 | - | कोलकाता ↑ | - | 10.45 | |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, गोमो, आसनसोल एवं बर्द्धमान स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां एवं दिन : कानपुर सेंट्रल से - 04153** दिनांक 10/04, 14/04, 17/04, 21/04, 24/04, 28/04, 01/05, 05/05, 08/05, 12/05, 15/05, 19/05, 22/05, 26/05, 29/05, 02/06, 05/06, 09/06, 12/06, 16/06, 19/06, 23/06, 26/06 एवं 30/06/2025 (गुरुवार एवं सोमवार) = 24 ट्रिप एवं **कोलकाता से - 04154** - दिनांक 11/04, 15/04, 18/04, 22/04, 25/04, 29/04, 02/05, 06/05, 09/05, 13/05, 16/05, 20/05, 23/05, 27/05, 30/05, 03/06, 06/06, 10/06, 13/06, 17/06, 20/06, 24/06, 27/06 एवं 01/07/2025 (शुक्रवार एवं मंगलवार) = 24 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 2-टीयर - 01, वातानुकूलित 3-टीयर - 04, शयनयान श्रेणी-07, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-04 एवं एसएलआरडी-02 = 18 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल**

| पटना-हावड़ा | | | (02024) (02023) | हावड़ा-पटना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
| रवि | - | 05.30 | ↓ पटना | 22.30 | - | रवि |
| | 06.45 | 06.47 | मोकामा | 20.52 | 20.54 | |
| | 08.59 | 09.02 | जसीडीह | 18.26 | 18.29 | |
| | 10.43 | 10.47 | आसनसोल | 16.40 | 16.44 | |
| | 13.25 | - | हावड़ा ↑ | - | 14.15 | |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में पटना साहिब, बख्तियारपुर, बाढ़, हाथीदा, लक्खीसराय, जमुई, झाझा, मधुपुर, जामताड़ा, चित्तरंजन एवं दुर्गापुर स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां एवं दिन : पटना से - 02024** एवं **हावड़ा से 02023** (दोनों ट्रेनें) दिनांक 6/04, 13/04, 20/04, 27/04, 04/05, 11/05, 18/05, 25/05, 01/06, 08/06, 15/06, 22/06 एवं 29/06/2025 (रविवार) = 13 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित कुर्सी यान-03, कुर्सी यान-17, पावर कार-01 एवं एलएसएलआरडी-01 = 22 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस (सुपरफॉस्ट)।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## चाय उद्योग ने ग्रीनफ्लाई के हमले से फसल के नुकसान पर चिंता जताई

**कोलकाता, समाज्ञा**

चाय अनुसंधान संघ (टीआरए) ने शुक्रवार को असम और पश्चिम बंगाल में फसल को नुकसान पहुंचाने वाले ग्रीनफ्लाई कीटों के हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह दो वर्षों में एक बड़ा खतरा बनकर उभरा है। चाय उद्योग के शोध एवं विकास के लिए स्थापित संस्थान टीआरए ने कहा कि पौधों का रस चूसने वाले कीट ने चाय की पौध को बिना बारिश वाले समय में काफी नुकसान पहुंचाया है। इससे कुछ क्षेत्रों में उपज 55 प्रतिशत तक घट गई है। टीआरए के सचिव जयदीप फुकन ने कहा कि ये संक्रमण मई से जुलाई की दूसरी अवधि में खासकर नुकसानदेह होते हैं। यह वह समय होता है जब चाय बागान इस चरण के दौरान उत्पादित फसल की उच्च गुणवत्ता और मांग के कारण अपने वार्षिक राजस्व का 30 प्रतिशत से अधिक कमाते हैं। फुकन ने कहा कि इसके अलावा, संवर्द्धित या अधिक आक्रामक ग्रीनफ्लाई प्रारूप के संभावित आक्रमण के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं, खासकर यह समस्या अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पास स्थित चाय बागानों में है। चाय बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पी के बेजबरुआ ने कहा कि ग्रीनफ्लाई पूर्वोत्तर में चाय बागानों के लिए खतरा बन गई है, खासकर दूसरे तोड़ाई मौसम की गुणवत्ता अवधि के दौरान यह समस्या है। बेजबरुआ ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अधिकारियों से इस समस्या पर ध्यान देने का अनुरोध किया।

## सुप्रीम कोर्ट से डीएलएड प्रशिक्षण ले रहे उम्मीदवारों को मिली बड़ी राहत

**❑ कोलकाता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच का फैसला किया खारिज**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक भर्ती में डीएलएड प्रशिक्षण ले रहे उम्मीदवारों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राहत की खबर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती मामले में कोलकाता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच का फैसला खारिज कर दिया और हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के फैसले को बरकरार रखा। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस जयमाल्य बागची की डिवीजन बेंच ने यह निर्णय सुनाया कि 2022 के प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में वे उम्मीदवार भी भाग ले सकेंगे, जिन्होंने 2020-2022 के शिक्षा सत्र में डिएलएड का प्रशिक्षण लिया है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 2022 में राज्य की प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान जो उम्मीदवार डिएलएड पास नहीं कर पाए थे, उन्हें भी नौकरी में मौका मिलेगा।

2022 में प्राथमिक शिक्षा विभाग ने 11,765 खाली पदों के लिए भर्ती विज्ञप्ति जारी की थी। विज्ञप्ति में यह उल्लेख था कि डिएलएड प्रमाणपत्र के बिना भी 2020-2022 शिक्षा सत्र के उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। हालांकि, इस निर्णय के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर कोलकाता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने यह फैसला दिया कि जब तक उम्मीदवार डिएलएड प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं करते, उन्हें योग्य नहीं माना जा सकता। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां सुप्रीम कोर्ट ने 9533 उम्मीदवारों को नौकरी में शामिल करने का आदेश दिया। साथ ही, 2232 खाली पदों पर नियुक्ति के लिए प्राथमिकता किसे दी जाएगी, इस पर भी सवाल उठे थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया कि 2022 में जो उम्मीदवार डिएलएड पास नहीं कर पाए थे, उन्हें भी नौकरी मिलने का अधिकार मिलेगा। इससे 2232 प्राथमिक शिक्षक पदों पर नियुक्ति संबंधित जटिलताएं हल हो गईं।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर /(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1175-2024-25, दिनांक: 03.04.2025, कार्य का विवरण:** सब-स्टेशन स्थानांतरण के लिए साधारण विद्युत कार्य-"स्विचगियर एवं सब-स्टेशन बिल्डिंग की अधिक आयु होने के कारण मौजूदा सियालदह यार्ड (पावर हाउस) सब-स्टेशन के स्थानांतरण के लिए विद्युत कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 6,30,84,546.82, **बयाना राशि:** रु. 4,65,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 15 माह । **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 10.04.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-06/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के खिलाफ अबतक कोई अपील नहीं हुई है : निर्वाचन आयोग के सूत्र

### तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा शुक्रवार को 'डुप्लीकेट' मतदाता पहचान पत्रों के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद आयोग के सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मतदाता सूचियों में कथित विसंगतियों को लेकर सात जनवरी तक कोई अपील दायर नहीं की गई थी। निर्वाचन आयोग ने पहले मतदाता सूचियों के अद्यतन करने से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में बताया था। आयोग ने कहा था कि राजनीतिक दलों को बूथ-स्तरीय एजेंट नियुक्त करने का अधिकार है, जो अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूचियों का सत्यापन कर सकते हैं




और विसंगति की स्थिति में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उसने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 (ए) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट या जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रथम अपील दायर कर सकता है। इससे पहले दिन में तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक में दोहराव (ईपीआईसी) के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने संवाददाताओं से कहा कि आज अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग का रुख किया। हमने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया कि फोटो मतदाता पहचान पत्र क्रमांक के दोहराव के मुद्दे पर विचार किया जाए। हमने यह भी कहा है कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हाई स्कूल परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर नहीं पड़ेगा असर

**❑ 12वीं कक्षा के स्तर पर परीक्षा परिणामों के प्रकाशन में देरी नहीं होगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने से हाई स्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में बहुत अधिक व्यवधान नहीं आएगा और 12वीं कक्षा के स्तर पर परीक्षा परिणामों के प्रकाशन में देरी नहीं होगी। परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि अदालत के फैसले के बाद जिन लोगों की नौकरी चली गई, उनमें से लगभग 10-15 प्रतिशत ही उच्च माध्यमिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में शामिल थे। भट्टाचार्य ने कहा कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में से परिषद द्वारा नियुक्त 40-50 हजार परीक्षकों में अमान्य परीक्षकों की संख्या 10-15 प्रतिशत से अधिक नहीं है और परिषद को मूल्यांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या व्यवधान की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जमीनी स्तर पर प्रभाव के आकलन के बाद दो-तीन दिन में स्थिति पर निर्णय लेंगे। हालांकि, चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 5.9 लाख है, जो पिछले वर्षों की तुलना में कम है, इसलिए परीक्षकों की संख्या में 10-15 प्रतिशत की गिरावट से कोई समस्या नहीं आएगी। उच्च माध्यमिक परीक्षा का परिणाम दो मई को प्रकाशित होगा।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# तृणमूल विधायक मनोरंजन ब्यापारी के बयान पर विवाद, नौकरी छूटने से निपटने की दी सलाह

**कोलकाता :** सरकारी नौकरी रद्द होने की घटनाओं से पश्चिम बंगाल में तनाव का माहौल है। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस के विधायक मनोरंजन ब्यापारी के सोशल मीडिया पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में स्पष्ट किया कि यह संदेश 26,000 लोगों के लिए नहीं है जिनकी नौकरियां गई हैं, बल्कि यह उनके निजी अनुभवों पर आधारित एक सलाह है कि नौकरी जाने की स्थिति में कैसे सामना किया जाए।

मनोरंजन ब्यापारी ने अपनी पोस्ट में लिखा, कृपया यह मत सोचें कि यह पोस्ट उन 26,000 लोगों के लिए है जिनकी नौकरी चली गई है। यह मेरा



व्यक्तिगत अनुभव है। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन के कठिन दौर का जिक्र किया, जब उन्होंने रिक्शा चलाया और फिर टेलीविजन कंपनी में नाइट गार्ड की नौकरी पाई, लेकिन आठ महीने बाद वह नौकरी छूट गई। उन्होंने लिखा, नौकरी आज है, कल नहीं भी हो सकती। इसलिए मैं पहले से ही मानसिक रूप से तैयार रहता था और कभी पछतावा नहीं हुआ।

उन्होंने आगे बताया कि जब उन्होंने नौकरी पाई, तब भी अपना रिक्शा नहीं बेचा। लोगों ने सलाह दी थी कि उसे बेच दो, बाद में कोई उसे नहीं खरीदेगा। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि उन्हें पता था कि नौकरी स्थायी नहीं होती। उन्होंने लिखा, सिर्फ आठ महीनों में भारत टेलीविजन कंपनी बंद हो गई, और हम 120 लोग बेरोजगार हो गए। लेकिन मैंने रोने के बजाय फिर से रिक्शा चलाना शुरू कर दिया।

उनकी इस पोस्ट पर विवाद शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जहां नौकरी गंवाने वालों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है, वहीं तृणमूल के ही विधायक का इस तरह नौकरी छूटने पर मानसिक तैयारी की सलाह देना पार्टी लाइन से हटकर माना जा रहा है।

तृणमूल के कुछ नेता भी इस पोस्ट को लेकर असहज महसूस कर रहे हैं। पार्टी के भीतर कई लोगों का मानना है कि यह बयान नौकरी गंवाने वालों के प्रति सहानुभूति के बजाय 'मानसिक तैयारी' पर केंद्रित है, जो मौजूदा स्थिति में असंवेदनशील लग सकता है।

सोशल मीडिया पर भी यह पोस्ट लोगों को दो धड़ों में बांट चुका है। कुछ लोग इसे वास्तविकता से जुड़ा संदेश मान रहे हैं, जबकि कई लोग इस पर नाराजगी जता रहे हैं। एक व्यक्ति, चंचल कर्मकार ने लिखा, स्कूल के शिक्षक अब रिक्शा चलाएंगे या किराने की दुकान खोलेंगे? कुछ भी लिख देना जरूरी है क्या?

शुभज्योति गांगुली ने तीखी प्रतिक्रिया दी, तृणमूल के नेता नौकरी चोरी करेंगे और योग्य शिक्षक अब रिक्शा चलाएंगे! यही तृणमूल की नीति है?

हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि विधायक ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए हैं, जिससे लोग प्रेरणा ले सकते हैं। लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह बयान पूरी तरह व्यक्तिगत है, या फिर यह पार्टी की छवि पर भी असर डालेगा?

## हावड़ा में रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस से अनुमति न मिलने पर तृणमूल राम भक्तों में निराशा

**हावड़ा, समाज्ञा :** इस साल हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण यह यात्रा नहीं निकाली जा सकेगी। इसके बाद, तृणमूल राम भक्तों में गहरी निराशा और मायूसी छाई हुई है। हर साल की तरह इस वर्ष भी हावड़ा में तृणमूल हिंदी प्रकोष्ठ की ओर से शोभायात्रा निकालने की योजना थी, लेकिन पुलिस ने इसे अनुमति देने से इंकार कर दिया। आयोजकों के अनुसार, 4 अप्रैल को हावड़ा सिटी पुलिस ने उन्हें 'नो परमिशन' का आधिकारिक पत्र जारी किया। आयोजकों ने दो रूट्स के लिए अनुमति मांगी थी – एक दक्षिण हावड़ा के अवनि



मॉल से राम सीता मंदिर तक और दूसरा उत्तर हावड़ा के सालकिया तक। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने दोनों ही रूट्स के लिए अनुमति नकार दी, जिससे आयोजकों को भारी निराशा का सामना करना पड़ा।

तृणमूल राम भक्तों का कहना है कि वे हर साल इस शोभायात्रा के जरिए प्रभु श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, लेकिन इस बार यह आयोजन नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी थी, जिसमें ध्वज, स्टीकर और कार्ड तैयार थे। इस शोभायात्रा के माध्यम से वे यह संदेश देना चाहते थे कि तलवार की जगह पेन हाथों में हो, ताकि लोग शिक्षित हों और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। हावड़ा जिला तृणमूल कांग्रेस हिंदी प्रकोष्ठ के सभापति **मानव जायसवाल** ने इस बारे में बात करते हुए कहा, मैं सभी भक्तों और समर्थकों से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं कि इस बार हम शोभायात्रा नहीं निकाल पाए। यह मेरी कमजोरी है और इससे लिए मैं बहुत दुखी हूं।

## पाथरप्रतिमा विस्फोट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति मुख्य आरोपी चंद्रकांत बनिक का भाई है, जिसे बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बनिक पटाखा फैक्टरी का मालिक है और यह फैक्टरी उस घर से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है जहां सोमवार की देर रात विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि आज हमने एक अन्य आरोपी तुषार बनिक को गिरफ्तार किया है, जो फैक्टरी मालिक का भाई है। हम घटना की जांच के सिलसिले में उससे पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद से ही फरार चल रहा तुषार बनिक अपने एक रिश्तेदार के घर छिपा पाया गया। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति पाथरप्रतिमा के ढोलाहाट गांव में पटाखा इकाई का सह-मालिक है।

## रामनवमी को लेकर पुलिस सतर्क, संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी

**कोलकाता :** आगामी 6 अप्रैल, रविवार को रामनवमी है। इसे देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने पहले ही 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द करने का आदेश जारी कर दिया था। अब एडीजी (कानून और व्यवस्था) की ओर से 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक संवेदनशील इलाकों में तैनात किए जाने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची भी जारी कर दी गई है।

भवानी भवन से जारी इस सूची के अनुसार, हावड़ा शहर और ग्रामीण इलाकों, बैरकपुर, चंदननगर, सिलीगुड़ी, मालदा, इस्लामपुर और कूचबिहार में विशेष निगरानी रखी जाएगी। हावड़ा सदर में सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए 6 वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है, जिनमें एक आईजी, तीन



डीआईजी और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। इसी तरह, बैरकपुर, चंदननगर, सिलीगुड़ी, मालदा, इस्लामपुर और कूचबिहार में भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की विशेष निगरानी रखी जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले वर्षों में रामनवमी के दिन राज्य के कई इलाकों में हिंसा और अशांति की घटनाएं हुई थीं। खासकर उन्हीं इलाकों में इस बार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## सोशल मीडिया पर महिलाओं की तस्वीरें विकृत कर फैलाने का आरोप, हावड़ा में हंगामा

**हावड़ा :** सोशल मीडिया पर महिलाओं की तस्वीरों को विकृत कर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ फैलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस हरकत के पीछे एक महिला ही बताई जा रही है। इस घटना के बाद हावड़ा में हड़कंप मच गया, और कई महिलाओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी महिला पहले भी इसी तरह की हरकत कर चुकी है। करीब एक साल पहले भी उस पर ऐसे आरोप लगे थे, जिसके बाद वह हावड़ा छोड़कर भाग गई थी। लेकिन अब वह दोबारा लौटकर महिलाओं और उनके बच्चों की तस्वीरें सोशल मीडिया से चुराकर अभद्र टिप्पणियों के साथ वायरल कर रही है। इस वजह से कई महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है, और कुछ परिवारों पर इसका गहरा मानसिक असर पड़ रहा है।

कुछ पीड़ित महिलाओं ने यहां तक आरोप लगाया है कि उनकी संतानों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है, और मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या की कोशिश तक कर चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए हावड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आरोपी महिला हावड़ा की निवासी है या कहीं और से आई है। पुलिस उसके इस कृत्य के पीछे की मंशा का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## संत हिरण्मय महाराज पर हमला, पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे

**कोलकाता :** पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल में एक सन्यासी पर हमले का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। संत हिरण्मय महाराज ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए अदालत का रुख किया है। उनका कहना है कि उन्होंने पहले से ही सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद उन पर हमला हुआ और हमलावरों ने उनकी जटा, बाल और दाढ़ी काट दी।

यह घटना सोमवार शाम घटी जब संत हिरण्मय महाराज घाटाल के रघुनाथपुर गांव में एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने गए थे। वहां कुछ दिनों से नाम संकीर्तन और ब्राह्मण भोज का आयोजन चल रहा था। सोमवार को भगवद गीता पाठ के बाद जब वह अपने एक शिष्य के साथ गांव में घूम रहे थे, तब कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

घटना के बाद भाजपा नेता और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें इलाज के लिए कोलकाता लाया। अब संत हिरण्मय महाराज ने अपने वकील के माध्यम से पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने इस मामले को स्वीकार किया है, और आगामी 8 अप्रैल को इस पर सुनवाई हो सकती है। संत ने हमले की निष्पक्ष जांच और अपनी सुरक्षा की मांग की है।

## कुख्यात हथियार तस्कर को एसटीएफ ने हावड़ा स्टेशन से किया गिरफ्तार

### आरोपी के पास से भारी संख्या में हथियार व कारतूस बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** एसटीएफ ने शुक्रवार को हावड़ा स्टेशन से एक कुख्यात हथियार तस्कर अमजदुल शेख को गिरफ्तार किया। वह मुर्शिदाबाद ज़िले के हरिहरपाड़ा थाना अंतर्गत रामकृष्णपुर, मथपाड़ा गांव का निवासी है। उसके खिलाफ एसटीएफ थाने में केस नंबर दर्ज किया गया है। उस पर आर्म्स एक्ट की धारा 25(1बी)(ए)/29 तथा बीएनएस की धारा 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। गिरफ्तारी के दौरान अमजदुल शेख के पास से एक 7.65 मिमी की देशी पिस्तौल, जिसमें मैगजीन लगी थी, और 10 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा, चार अर्धनिर्मित देशी बंदूकें और चार पिस्तौल की बैरल भी उसके पास से मिली हैं। एसटीएफ के मुताबिक, अमजदुल शेख चेन्नई भागने की फिराक में था। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए उसे हावड़ा स्टेशन से धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 17 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। डीसी (एसटीएफ) वी. सोलेमन नेशाकुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह गिरफ्तारी एक बड़ी कामयाबी है और इससे अवैध हथियारों के नेटवर्क का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।



## बिना पैसे तेल लेकर भागने के दौरान पेट्रोल पंप कर्मी की हत्या, तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**कोलकाता, समाज्ञा**

पेट्रोल पंप कर्मचारी की हत्या के मामले में रानाघाट अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

यह घटना पिछले साल 8 सितंबर की रात की है, जब रानाघाट से कृष्णनगर की ओर जा रहा मछली से लदा एक पिकअप वाहन शांतिपुर थाना क्षेत्र के कंदखोला पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए रुका था। आरोप है कि तेल भरवाने के बाद चालक ने भुगतान किए बिना भागने की कोशिश की। जब पेट्रोल पंप के कर्मचारी विश्वजीत दास ने वाहन को रोकने की कोशिश की, तो उसे कुचलते हुए आरोपी फरार हो गए।

घटना की जांच में जुटी पुलिस ने तीन दिनों के भीतर ही हासनाबाद थाना क्षेत्र के बसिरहाट से वाहन चालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, जिनमें से एक नाबालिग था। इस मामले में गुरुवार को अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया, और शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज मनदीप दासगुप्ता ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

आरोपियों के खिलाफ हत्या, सबूत नष्ट करने सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस फैसले को न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

## जेल में ही रहेंगे सुबीरेश भट्टाचार्य, जमानत याचिका पर सुवनाई टली

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी घोटाले के मामले में फंसे आरोपी सुबीरेश भट्टाचार्य को अबतक सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में जमानत से संबंधित सुनवाई अभी तक नहीं हुई, जिस कारण उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। इससे पहले, सुबीरेश ने कोलकाता हाईकोर्ट में भी जमानत की याचिका दायर की थी, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली और उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इसके बाद, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिल पाई है।



2022 में, जब सुबीरेश उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के उपकुलपति थे, उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। सीबीआई का आरोप है कि जिस समय शिक्षक नियुक्ति घोटाला हुआ, उस समय सुबीरेश एसएससी के चेयरमैन थे और इस घोटाले में उनका प्रत्यक्ष संबंध था। सीबीआई का यह भी कहना था कि हालांकि सुबीरेश ने एसएससी चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनका प्रभाव अभी भी काफी था। इसी कारण, जब भी उन्होंने जमानत की याचिका दायर की, सीबीआई ने इसका विरोध किया।

कोलकाता हाईकोर्ट से कोई राहत न मिलने के बाद, सुबीरेश ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन किया था। उनके वकील का तर्क था कि उसी मामले में अन्य आरोपियों को जमानत मिल रही है, तो उनके मुवक्किल को जमानत क्यों नहीं दी जा सकती? इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से रिपोर्ट मांगी थी। शुक्रवार को इसकी सुनवाई होनी थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार, सुनवाई तीन सप्ताह के लिए टल गई है। इस प्रकार, सुबीरेश का जमानत मामला अब भी लटका हुआ है।

## कोलकाता में क्रिकेट सट्टेबाजी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**कोलकाता :** आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता पुलिस ने क्रिकेट सट्टेबाजी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर 3 अप्रैल को गिरीश पार्क थाना क्षेत्र स्थित लॉर्ड्स कैफे (62, विवेकानंद रोड) में छापा मारा गया। इस दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो मोबाइल फोन के जरिए सट्टेबाजी कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में माजिद (27), शादाब अली (30), आदर्श निगम (27) और प्रभात जायसवाल (30) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच ईडन गार्डन्स में चल रहे आईपीएल मैच के दौरान स्काईबेट्स365, वुल्फ777, केरलएक्सच, 11एक्सप्ले और गेम्सवाला जैसे क्रिकेट सट्टेबाजी ऐप के माध्यम से सट्टा खेल रहे थे।

पुलिस ने तलाशी के दौरान पांच मोबाइल फोन, सट्टेबाजी से जुड़े स्क्रीनशॉट और एक टेलीविजन जब्त किया। सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए चारों आरोपियों को 3 अप्रैल की रात 11:35 बजे गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ गिरीश पार्क थाने में केस नंबर 43/2025 के तहत बंगाल गेमिंग और पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि सट्टेबाजी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं, इसका पता लगाया जा सके।

## कोलकाता के अपोलो अस्पताल में तीन साल से भर्ती है महिला, पति ने सुध लेना छोड़ा तो अदालत पहुंचा अस्पताल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्घटना के बाद लकवाग्रस्त हो चुकी एक महिला को उसका पति साढ़े तीन साल से कोलकाता के अपोलो मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में छोड़ दिया है। कोई भी महिला को वापस घर नहीं ले जा रहा है। इस दौरान अस्पताल का बिल एक करोड़ रुपये पहुंच गया है। अस्पताल ने मरीज की जिम्मेदारी लेने में असमर्थता जताते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। मामले की सुनवाई के दौरान शहर के एम्हर्स्ट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन द्वारा अदालत में पेश किए गए पति ने अपनी पत्नी की देखभाल करने में असमर्थता जताई।

❑ **कोर्ट ने पूछा पत्नी को अस्पताल से घर न ले जाने का कारण**

कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने पति से पूछा कि वह अपनी पत्नी को वापस घर क्यों नहीं ले जा रहा है। पति ने कहा कि वह एक दुकान का मालिक है और उसके पास अपनी विकलांग पत्नी की देखभाल करने के लिए साधन नहीं हैं। निजी अस्पताल के वकील ने कहा कि अस्पताल ने महिला का इलाज किया, कई सर्जरी की और उसकी छह लाख रुपये की बीमा राशि बहुत पहले ही खत्म हो गई। वकील ने कहा कि वर्तमान बकाया राशि एक करोड़ रुपये है। अस्पताल के वकील ने कहा कि पति ने वैकल्पिक परिवार शुरू कर लिया है। हालांकि न्यायमूर्ति सिन्हा ने पारिवारिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। राज्य के वकील ने कहा कि राज्य में नि:शुल्क सेवाओं वाले आश्रय गृह हैं। लेकिन राज्य द्वारा संचालित आश्रय गृह के कर्मचारियों के पास बीमार रोगियों की देखभाल करने की विशेषज्ञता नहीं है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने महाधिवक्ता को नौ अप्रैल को इस मामले में उपस्थित होने, उन्हें सूचित करने कि क्या राज्य के पास ऐसे लोगों के लिए कोई नियम है और कोई उपाय सुझाने का निर्देश दिया। अदालत ने पति को भी उस दिन अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

❑ **सितंबर 2021 में अस्पताल में भर्ती कराया गया था**

सूत्रों के अनुसार 40 वर्षीय महिला को उसके पति ने सितंबर 2021 में सिर में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी कई सर्जरी हुईं, जिसमें एक जीवन रक्षक न्यूरोसर्जरी भी शामिल थी। वह बच गई लेकिन चोट के कारण वह स्थिर हो गई और उसे ट्रेकियोस्टोमी करनी पड़ी। उसकी स्थिर हालत के बावजूद, उसके पति जयप्रकाश गुप्ता ने उसे घर ले जाने से इनकार कर दिया। जब गुप्ता को कई बार याद दिलाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो अस्पताल ने पिछले साल मई में पश्चिम बंगाल क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट रेगुलेटरी कमीशन से संपर्क किया। गुप्ता के स्वास्थ्य पैनल की सुनवाई में उपस्थित न होने के बाद, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आशिम कुमार बनर्जी ने अपोलो से कहा कि यह अदालतों में जाने के लिए उपयुक्त मामला है।

## कैब ड्राइवर की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार







**कोलकाता :** जादवपुर थाना क्षेत्र में कैब ड्राइवर की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस केस से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी जादवपुर थाने में दर्ज केस नंबर 48/2025 (दिनांक 7 मार्च 2025) के तहत की गई है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 105/3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सनी कुमार रॉय (27) और बिक्की शो (30) के रूप में हुई है। सनी कुमार रॉय, नंदा लाल रॉय का बेटा है और 133, रॉय बहादुर रोड, कोलकाता-34 का निवासी है। वहीं, बिक्की शो, गोपाल शो का बेटा है और 313, रॉय बहादुर रोड, कोलकाता-53 का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में कुल पांच आरोपी शामिल थे, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## विश्व नवकार मंत्र दिवस के लिए नेताजी इंडोर स्टेडियम में जोरदार तैयारियां शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व नवकार मंत्र दिवस के भव्य आयोजन को लेकर नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा की गई घोषणा से जैन समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर जैन श्वेतांबर तेरापंथी साउथ कोलकाता के प्रथम तल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 350 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और उनके उत्साह एवं जोश को देखकर कार्यक्रम की सफलता तय मानी जा रही है। विभिन्न समितियों ने अपनी तैयारियों, कर्तव्यों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की और कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस बैठक का संचालन दिनेश जैन गंगवाल ने किया, जबकि जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन ने सभा को आयोजन की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया। कमल दुगड़ ने अपनी ओजस्वी वाणी से सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। वहीं, विनोद दुगड़ ने अपने जोशीले संबोधन से सभी में उत्साह का संचार किया और धर्मेंद्र जैन को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए इसे सिर्फ सफल ही नहीं, बल्कि सफलतम आयोजन बनाने का विश्वास जताया।

इस बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तित्वों में तुलसी दुगड़, धर्मेंद्र जैन, दिनेश जैन गंगवाल, संजय जैन टीटी, सुमित कोठारी, रतन दुगड़, नरेंद्र बडिया, प्रदीप पटुआ, चदेश मेधाणी (रोमी), अमिताभ दस्सणी, ऋषभ नाहटा, अनीता गंगवाल, साक्षी दुगड़, बिनोद संचेती, जसवीर सेठ, दिलेश पटेल, हिम्मतभाई, चिराग शाह, नटु पटेल, देवेन शाह, कीरीत मेहता सहित जैन समाज के वरिष्ठ लोग शामिल रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने इस भव्य आयोजन को सफलतम रूप देने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। समाज के सभी वर्गों से इसमें भागीदारी की अपील की गई है ताकि विश्व नवकार मंत्र दिवस को एक ऐतिहासिक पहचान मिल सके।

## कोलकाता में वकीलों की असहमति का सम्मान, दिल में कोई नाराजगी नहीं है : न्यायमूर्ति डी के शर्मा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि वह कलकत्ता उच्च न्यायालय में उनके स्थानांतरण के खिलाफ कोलकाता के वकीलों की 'असहमति' का सम्मान करते हैं, लेकिन उनके दिल में कोई नाराजगी नहीं है। अपने विदाई समारोह में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि न्याय के प्रति कानूनी बिरादरी की प्रतिबद्धता ने उन्हें सदैव प्रेरित किया है और उन्होंने आश्वासन दिया कि वह अपनी सर्वोत्तम क्षमता से संस्था की सेवा करेंगे। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं कोलकाता बार एसोसिएशन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं अपनी क्षमता और संकल्प के अनुसार संस्था की सेवा करूंगा। मैं कोलकाता बार एसोसिएशन द्वारा व्यक्त की गई असहमति का सम्मान करता हूं। उन्हें अपनी असहमति व्यक्त करने का अधिकार है और मैं पूरी तरह से उनका सम्मान करता हूं तथा मेरे दिल में कोई नाराजगी नहीं है। मैं उनकी हर बात का पूरा सम्मान करता हूं। न्यायाधीश ने संविधान और देश के लोगों की सेवा जारी रखने की इच्छा जताई, जिसमें 'पंक्ति के अंत में खड़ा व्यक्ति' भी शामिल है। दिल्ली सरकार के स्थायी वकील समीर वशिष्ठ ने भी कलकत्ता के बार एसोसिएशनों से न्याय को बनाए रखने के अपने कर्तव्य को याद रखने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि वकीलों को 'असत्यापित आरोपों पर जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने से बचना चाहिए।

## अस्पताल की इमारत से गिर कर श्रमिक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता में स्थित अस्पताल की इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नकुल मंडल (45) के रूप में की गई है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय के अनुसार, गिरीश पार्क थाना अंतर्गत लोहिया अस्पताल की इमारत से गिरकर श्रमिक नकुल मंडल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग के दिघीरपाड़ का निवासी व पेशे से श्रमिक था। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार की रात लगभग 9.20 बजे घटी। नकुल मरम्मत कार्य के दौरान तीन तल्ले से गिरा। उसे कोलकाता मेडिकल अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत करार दिया। इधर, उक्त घटना को लेकर हंगामा भी खड़ा हुआ।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सैफ अली खान पर हमले के आरोपी की जमानत याचिका का पुलिस ने किया विरोध

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को एक अदालत को बताया कि अभिनेता सैफ अली खान पर बांद्रा स्थित उनके घर में हुए हमले के दौरान उनकी रीढ़ की हड्डी के पास फंसा चाकू का टुकड़ा और घटनास्थल पर मिला एक हिस्सा आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम के पास से बरामद हथियार से मेल खाता है। आरोपी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए पुलिस ने कहा कि तीनों टुकड़े उसी हथियार के थे, जिसका इस्तेमाल अभिनेता पर हमला करने के लिए किया गया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को बांद्रा में खान के 12वीं मंजिल के अपार्टमेंट में एक घुसपैठिए ने उनपर चाकू से कई वार किए थे। हमले के बाद खान (54) की रीढ़ की हड्डी के पास फंसा चाकू का टुकड़ा निकालने के लिए लीलावती अस्पताल में आपातकालीन सर्जरी की गई थी।

### बलिया में पति ने पत्नि से बहस के बाद आत्महत्या की

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने पत्नि से बहस के बाद कथित रुप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राज कुमार गुप्ता के रुप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, राज कुमार ने बृहस्पतिवार शाम को बलिया शहर के बेदूआ इलाके में अपने घर की दूसरी मंजिल पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना पाकर मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला की राज कुमार का बृहस्पतिवार को अपनी पत्नि से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने आत्महत्या की।

### संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष की जमानत याचिका खारिज

**संभल (उप्र) :** संभल की एक अदालत ने शुक्रवार को शाही जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के सदर (अध्यक्ष) जफर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) हरिओम प्रकाश सैनी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एडीजे)-द्वितीय निर्भय नारायण राय की अदालत ने अली की जमानत खारिज कर दी। सैनी ने कहा कि शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली की नियमित जमानत की याचिका पर अदालत में आज सुनवाई हुई जिस पर अभियोजन द्वारा यह तथ्य प्रस्तुत किए गए कि अली पर गंभीर आरोप हैं। उन्होंने बताया कि सुनवाई के बाद न्यायालय ने अली की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया : योगी आदित्यनाथ



**सिद्धार्थनगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया। सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली का उद्घाटन करने के बाद योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि यह पावन धरा दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश देती है। उन्होंने कहा, 'इतिहास साक्षी है कि भारत ने कभी तलवार के बल पर शासन नहीं किया।' योगी ने सिद्धार्थनगर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ का बचपन यहीं बीता था और ज्ञान प्राप्त करने के बाद वह गौतम बुद्ध कहलाए। उन्होंने कहा बौद्ध धर्म ने करुणा और मैत्री के बल पर दुनिया को आकर्षित किया, न कि तलवार के दम पर। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली के उद्घाटन पर सभी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की परंपरा ने हमेशा ज्ञान की आराधना की है। उन्होंने कहा, 'चारों ओर से आने वाली ज्ञान की धारा को ग्रहण करना प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग और सज्जन शक्ति को इसके लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।' योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश हर क्षेत्र में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है तथा विरासत एवं विकास का बेहतर समन्वय ही कल्याणकारी जीवन की कुंजी है। आदित्यनाथ ने कहा कि भारत अब दुनिया का पिछलग्गू नहीं, बल्कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह नया भारत अपनी ताकत और सौहार्द का अहसास करा रहा है। भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वह बल, बुद्धि और वैभव में कितना भी मजबूत हो, मगर जबरन किसी पर न तो आधिपत्य स्थापित करेगा, ना ही किसी का आधिपत्य स्वीकार करेगा।' योगी ने कहा कि भगवान राम ने माता सीता को खोजते हुए लंका पर विजय प्राप्त की, लेकिन वहां का राज्य विभीषण को सौंप दिया। इसी तरह किष्किंधा में श्रीराम ने बाली का वध कर सुग्रीव का राज्याभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने 2014 से पहले के समय को याद करते हुए कहा कि तब कुछ लोग राम और कृष्ण को मिथक बताते थे और भारतीय परंपरा को अपमानित करना अपना अधिकार समझते थे, लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी विरासत और विकास के समन्वय से नई ऊंचाई को छुआ है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ गलियारा, मथुरा-वृंदावन और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों का कायाकल्प इसका प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली का पहला सत्र शुरू हो चुका है, जिसमें अबतक 150 छात्रों ने पंजीकरण कराया है।

### लॉरेंस गिरोह के सदस्य को दुबई से पकड़कर लाई राजस्थान पुलिस की टीम

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस की 'एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स' (एजीटीएफ) की टीम कुख्यात बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को दुबई से पकड़कर लाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजीटीएफ की टीम ने आरोपी आदित्य जैन उर्फ टोनी को इंटरपोल के माध्यम से दुबई में पकड़वाया और फिर उसे भारत लेकर आई है। अतिरिक्त महानिदेशक (एजीटीएफ) दिनेश एम.एन. ने बताया कि आरोपी टोनी इस गिरोह के लिए विदेश में बैठकर धमकी भरे कॉल करने की व्यवस्था करता था। गिरोह बड़े व्यापारियों को धमकी भरे कॉल करके फिरौती मांगता है, रंगदारी न मिलने पर गिरोह के सदस्य लक्षित व्यक्ति/परिवार पर गोलीबारी करते हैं। दिनेश ने बताया कि आरोपी आदित्य जैन उर्फ टोनी डीडवाना जिले के कुचामन का रहने वाला है। वह गुजरात की जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई तथा रोहित गोदारा द्वारा चलाए जा रहे जबरन वसूली गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उन्होंने बताया कि आदित्य जैन के विरूद्ध राजस्थान के विभिन्न जिलों में अपहरण, बलात्कार, जबरन वसूली, अवैध हथियार रखने जैसे अपराध में सात प्रकरण दर्ज हैं।

## न्यूज अपडेट

### वक्फ विधेयक का असर: जद(यू) से जुड़े लोगों का इस्तीफा जारी



**पटना :** संसद में वक्फ विधेयक का समर्थन करने से पैदा हुए विवाद का असर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) पर भी पड़ा है जहां पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का दावा करने वाले एक और व्यक्ति ने इस रुख के विरोध में शुक्रवार को इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने हालांकि कहा कि कथित इस्तीफे 'फर्जी' हैं क्योंकि इस पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्य 'संगठन (पार्टी) में कभी किसी पद पर नहीं रहे हैं।' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ''जद(यू) के सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के इस फैसले के समर्थन में खड़े हैं क्योंकि इससे करोड़ों गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा।' प्रसाद ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब मीडिया में जारी कुछ खबरों में तबरेज सिद्दीकी द्वारा इस्तीफा दिए जाने की सूचना सामने आई है। सिद्दीकी ने दावा किया था कि वह जद(यू) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य महासचिव हैं। इससे पहले, पूर्वी चंपारण से मोहम्मद कासिम अंसारी और जमुई से नवाज मलिक ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर जद(यू) से इस्तीफा दिए जाने के अपने पत्र साझा किए थे। इससे पार्टी में संकट की अटकलें तेज हो गई हैं। प्रसाद ने दावा किया , 'हमारे पास विश्वसनीय जानकारी है कि इस्तीफे का नाटक करने वाले लोगों में से एक अन्य संगठन से जुड़ा है जबकि दूसरे ने पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।' उन्होंने कहा, 'पार्टी में कई मुस्लिम नेता हैं और अगर उन्हें कोई गंभीर संदेह है तो यह चिंता का विषय है।

### त्रिवेणी संगम से 1,000 बोतल गंगा जल जर्मनी भेजा गया



**प्रयागराज (उप्र) :** प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम के जल की विदेशों में बढ़ती मांग के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को कहा कि गंगा जल की 1,000 बोतलों की पहली खेप जर्मनी भेजी गई है। उतर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक यहां आयोजित महाकुंभ मेले में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। बयान में कहा गया कि त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, इसके लिए प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अग्नि शमन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल पहुंचाया। प्रयागराज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के उपायुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की तरफ से त्रिवेणी के गंगा जल की 1,000 बोतलें यहां से जर्मनी भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के माध्यम से यह जल विदेश भेजा गया है।

### ईडी ने झारखंड में आयुष्मान भारत 'फर्जीवाड़ा' मामले में छापेमारी की

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्र की आयुष्मान भारत योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव के परिसरों सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत झारखंड, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में 21 स्थानों पर छापेमारी की। ओम प्रकाश सिंह और गुप्ता से जुड़े परिसरों के अलावा सलाहकारों और संबद्ध फर्मों के पूर्व अधिकारियों सहित ''मुख्य संदिग्धों'' के परिसरों पर सुबह-सुबह छापेमारी की गई। संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों के साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक सुरक्षा टीम भी थी। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (जेएसएएस) से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और 'एमडी इंडिया', 'सेफवे', 'मेडी असिस्ट' और उनके सहयोगियों जैसे थर्ड-पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) के कार्यालयों पर भी छापेमारी की गई। गुप्ता या उनके निजी सचिव की ओर से ईडी की कार्रवाई पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। ईडी की टीमों ने राज्य की राजधानी रांची के अशोक नगर और बरियातु स्थित परिसरों के अलावा जमशेदपुर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 के किनारे मैंगो इलाके में एक घर और एक नर्सिंग होम पर छापेमारी की।

## सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को नहीं मिली राहत, अदालत ने याचिका खारिज की



**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने विनायक दामोदर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है। पीठ ने गांधी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास उक्त मामले में उन्हें समन किए जाने के खिलाफ सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए फिलहाल उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पारित किया। याचिका में राहुल गांधी ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में उन्हें समन किया गया था। इसके साथ ही राहुल गांधी ने इस मामले में निचली अदालत में अपने खिलाफ जारी कार्यवाही को भी चुनौती दी थी। राहुल गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने दलील दी कि परिवाद में लगाए गए आरोप धारा 153ए और 505 आईपीसी के तहत मामला नहीं बनता हैं, इसके बावजूद निचली अदालत ने याची को इन धाराओं के तहत समन किया है। उन्होंने यह भी दलील दी कि निचली अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए राहुल गांधी को समन किया है। हालांकि, मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास पुनरीक्षण याचिका दायर करने का विकल्प है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**कौशांबी (उप्र) :** जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को शुक्रवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे ने बताया कि 24 अगस्त, 2022 को जिले के कोखराज थाना अंतर्गत एक गांव की निवासी एक महिला ने सूचना दी कि 21 अगस्त 2022 को पप्पू (24) उसकी 14 वर्षीया पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सरकारी वकील के मुताबिक, इस मुकदमे में अभियुक्त पप्पू को जिला अदालत के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो कानून) अशोक कुमार श्रीवास्तव ने अपराध का दोषी पाया और उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 20,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

## अयोध्या में रामनवमी पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन के जरिये होगी सरयू के जल की बौछार



**अयोध्या (उप्र) :** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामनवमी पर भव्य महोत्सव की तैयारी की गयी है और इस मौके पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन के जरिये सरयू के जल की बौछार की जाएगी। रामनवमी छह अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में इस बार रामनवमी का पर्व ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बयान के अनुसार, रामनवमी के अवसर पर पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होने जा रहा है, जो इस पर्व को और भी खास बना देगा। इसके साथ ही अष्टमी और नवमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। बयान में कहा गया कि राम कथा पार्क के बगल में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में देश के नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बयान में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के हवाले से कहा गया कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर सरयू नदी के पवित्र जल की फुहार डाली जाएगी। इसके लिए ड्रोन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला मां सरयू के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था को ध्यान में रखकर लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा की इस पहल से न केवल धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा, बल्कि तकनीक और परंपरा का अनोखा संगम भी देखने को मिलेगा। बयान के अनुसार, इस बार रामनवमी पर अयोध्या में दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे, जो राम कथा पार्क के सामने पक्का घाट व राम की पैड़ी पर प्रकाशमान होंगे। इसके अलावा अष्टमी के दिन कनक भवन से एक 'हेरिटेज वॉक' निकाली जाएगी, जो राम कथा पार्क में समाप्त होगी। इस पदयात्रा के जरिए श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देख सकेंगे। बयान के अनुसार, राम कथा पार्क में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इस बीच, रामनवमी के दौरान अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

### शराबबंदी वाले राज्य बिहार में जहरीली शराब पीने से नौ साल में 190 लोगों की मौत हुई:अधिकारी

**पटना :** बिहार में अप्रैल 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद जहरीली शराब पीने से कुल 190 लोगों की जान जा चुकी है। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार सरकार ने अप्रैल 2016 में बिहार में शराब के निर्माण, व्यापार, भंडारण, परिवहन, बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, शराबबंदी वाले बिहार में शराब की तस्करी बदस्तूर जारी है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग (पंजीकरण) के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, विभिन्न जिलों में 2016 से जहरीली शराब से लगभग 190 मौतों की पुष्टि हुई है। सारण, सीवान, गया, भोजपुर, बक्सर और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब के सेवन से सबसे अधिक मौतें होने की पुष्टि हुई है। विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, विभाग ने मद्य निषेध कानून के उल्लंघन के संबंध में 31 मार्च 2025 तक कुल 9.36 लाख मामले दर्ज किए हैं, जिनमें अब तक कुल 14.32 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

समाज्ञा
# व्यापार

## व्यापार युद्ध की आशंका से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का



**मुंबई :** व्यापार युद्ध गहराने की आशंका हावी होने से वैश्विक बाजारों में आई नरमी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 931 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 346 अंकों की गिरावट आई। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस में भारी बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 930.67 अंक यानी 1.22 प्रतिशत गिरकर 76,000 के स्तर से काफी नीचे 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,054.81 अंक गिरकर 75,240.55 तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 23,000 के नीचे 22,904.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 382.2 अंक गिरकर 22,867.90 पर आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील के शेयरों में सर्वाधिक 8.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एच-सीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और एनटीपीसी में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका के अपेक्षा से अधिक शुल्क लगाए जाने का वैश्विक बाजारों पर खासा प्रभाव देखने को मिला। प्रभावित देशों की तरफ से अमेरिका के खिलाफ जवाबी कदम उठाने की संभावना ने अनिश्चितता बढ़ाने का काम किया। इसके व्यापक निहितार्थ को समझने में जुटे निवेशकों के बीच बिकवाली का जोर देखा गया।

## कांग्रेस ने मेरे बयान पर स्टार्टअप को गुमराह करने की कोशिश की: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ में दिए गए अपने बयान की गलत व्याख्या करने का शुक्रवार को कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दल ने भारतीय स्टार्टअप जगत को गुमराह करने का काम किया है। गोयल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का तंत्र स्टार्टअप फर्मों के लिए उनके संदेश को नहीं समझ पाया, जो उनके नकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, स्टार्टअप के लिए मेरे संदेश को कांग्रेस पार्टी के कुछ सोशल मीडिया हैंडल को छोड़कर सकारात्मक रूप से लिया गया है। कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल विवाद पैदा करने पर तुले हुए हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। कुल मिलाकर, मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है, वह यह है कि युवा भारतीय दुनिया पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। मंत्री की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को यहां स्टार्टअप महाकुंभ में उनके बयान की कांग्रेस और कुछ स्टार्टअप द्वारा की गई आलोचना की पृष्ठभूमि में आई है। इस कार्यक्रम में गोयल ने भारतीय स्टार्टअप समुदाय से अपना ध्यान किराना आपूर्ति और आइसक्रीम बनाने से हटाकर सेमीकंडक्टर, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करने को कहा था। मंत्री ने बेरोजगार युवाओं को सस्ते श्रम में बदलने के लिए खान-पान की आपूर्ति करने वाले भारतीय स्टार्टअप पर भी सवाल उठाया था। गोयल के इस बयान पर कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप संघर्षों को स्वीकार किया। एक अन्य पोस्ट में, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि गोयल ने स्टार्टअप पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झूठ को उजागर किया।

### अमेरिकी शुल्क का भारत पर थोड़ा परोक्ष प्रभाव ही पड़ने की आशंका: नीति आयोग सदस्य

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी सीमा शुल्क का भारत पर थोड़ा परोक्ष प्रभाव ही पड़ेगा, क्योंकि घरेलू अर्थव्यवस्था की विदेशी व्यापार पर निर्भरता कम है। विरमानी ने कहा कि अमेरिकी शुल्क लगाए जाने से पैदा होने वाली नकारात्मक चीजें मध्यम अवधि में प्रस्तावित अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण लागू होने के साथ ही कम हो जाएंगी। प्रख्यात अर्थशास्त्री विरमानी ने कहा कि लंबी अवधि में अमेरिका के साथ अंतिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते का लक्ष्य अगले पांच से 10 वर्षों मे संभावित लाभों को बढ़ाने का होगा। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारत पर 26 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा है कि भारत उसके वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क लगाता है। हालांकि विरमानी का मानना है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की व्यापार पर निर्भरता कम होने से इस शुल्क का भारत पर एक छोटा परोक्ष प्रभाव ही देखने को मिलेगा। विरमानी ने बताया कि जवाबी शुल्क की गणना एक सूत्र द्वारा की जाती है, जिसमें किसी देश के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा और उस देश से आयात का पहलू शामिल होता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हर देश को व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितता में वृद्धि का प्रभाव महसूस हुआ है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे टूटकर 85.44 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई :** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुरूआती बढ़त को गंवाते हुए कारोबार के अंत में 14 पैसे टूटकर 85.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुल्क युद्ध को लेकर बढ़ती चिंता के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से दुनिया भर के बाजारों में गिरावट के साथ रुपया नीचे आया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र गिरावट के कारण घरेलू मुद्रा में शुरुआत में तेजी आई, लेकिन बाद में शेयर बाजार की कमजोर धारणा और अनिश्चित वृहद वैश्विक आर्थिक स्थिति के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी के कारण बाजार का रुख पलट गया।

## सोना 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये पर, चांदी 5,000 रुपये लुढ़की



**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सोने में पांच दिनों से चली आ रही तेजी का सिलसिला थम गया और शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये मजबूत होकर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया था। पांच दिनों की तेजी के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,350 रुपये लुढ़ककर 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो बृहस्पतिवार को 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में गिरावट आई है।'

### अमेरिका ने भारत पर शुल्क 27 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली :** अमेरिका ने भारत पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क को 27 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया है। शुल्क नौ अप्रैल से लागू होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई शुल्क दरों का उल्लेख था। चार्ट के अनुसार, भारत ''मुद्रा की विनिमय दर में हेरफेर और व्यापार बाधाओं'' सहित 52 प्रतिशत शुल्क लेता है और अमेरिका अब भारत से 26 प्रतिशत का रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा। हालांकि, व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में भारत पर 27 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने का जिक्र था लेकिन नवीनतम अद्यतन दस्तावेज में इसे घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शुल्क के एक प्रतिशत कम होने का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। अमेरिका वित्त वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का 2023-24 में वस्तुओं पर व्यापार अधिशेष (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 35.32 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अगले छह दिन में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि अगले छह दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में लू चलने और दिल्ली में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। विभाग के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों में दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, राजस्थान और पश्चिमी मध्यप्रदेश शामिल है। आईएमडी ने बताया कि इस अवधि के दौरान मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। दिल्ली में छह या सात अप्रैल तक कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है।

### एएसआई संरक्षित स्मारकों में सबसे अधिक कमाई ताजमहल से

**नयी दिल्ली :** मुगलकालीन मकबरा ताजमहल पिछले पांच वर्षों में टिकटों की बिक्री के जरिए सबसे अधिक कमाई करने वाला एएसआई संरक्षित स्मारक रहा है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उनसे पूछा गया था कि पिछले पांच वर्षों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को विभिन्न स्मारकों में प्रवेश टिकटों की बिक्री से कितनी राशि प्राप्त हुई है, और पिछले पांच वर्षों में प्रवेश टिकटों की बिक्री से सबसे अधिक आय प्राप्त करने वाले स्मारक कौन हैं। अपने जवाब में, शेखावत ने वित्तीय वर्ष 19-20 से लेकर वित्त वर्ष 23-24 तक के आंकड़े साझा किए जिनके अनुसार, ताजमहल ने सभी पांच वर्षों में टिकटों बिक्री के जरिए एएसआई संरक्षित स्मारकों में शीर्ष स्थान अर्जित किया।

### उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने आठ न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय में प्रोन्नत की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने आठ न्यायिक अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की दो अप्रैल को हुई बैठक में इस आशय की मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया, ''उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने दो अप्रैल, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' बयान के मुताबिक, जिन अधिकारियों को पदोन्नत करने की मंजूरी दी गई है उनमें जितेन्द्र कुमार सिन्हा, अब्दुल शाहिद, अनिल कुमार, तेज प्रताप तिवारी, संदीप जैन, अवनीश सक्सेना, मदन पाल सिंह और हरवीर सिंह शामिल हैं।

### सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी जरूरी, एडलवाइस लाइफ के सीडीओ की सलाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडलवाइस लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अनुप सेठ ने सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं को फाइनेंशियल लिटरेसी के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए। हाल ही में जारी एक स्टडी के अनुसार, इस जेनरेशन की 50% महिलाएं फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में जागरूकता की कमी को अपनी आर्थिक चुनौतियों का प्रमुख कारण मानती हैं। सैंडविच जेनरेशन में 35 से 54 वर्ष तक की महिलाएं शामिल होती हैं, जो अपने बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी संभालती हैं। सेठ के मुताबिक, महिलाएं घर के रोजमर्रा के वित्तीय मामलों में सक्रिय होती हैं, लेकिन दीर्घकालिक फाइनेंशियल प्लानिंग में उनकी भागीदारी कम है। स्टडी में यह भी सामने आया कि महिलाएं अपने आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने में पीछे हैं और अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी में सुधार की आवश्यकता महसूस करती हैं।

# मराठी भाषा के इस्तेमाल की मांग को लेकर कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि मराठी भाषा के इस्तेमाल की मांग को लेकर कुछ लोगों द्वारा कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा राज्य की आधिकारिक भाषा के आक्रामक प्रचार की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी आई है। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, मराठी भाषा के इस्तेमाल पर जोर देना गलत नहीं है। लेकिन अगर ऐसा करते समय (किसी के द्वारा) कानून को अपने हाथ में लिया जाता है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित व्यक्तियों के साथ उचित तरीके से निपटा जाएगा। मनसे राज्य में मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक और नागपुर जैसे बड़े निगमों में चुनाव से पहले मराठी पहचान के एजेंडे को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ा रही है। मनसे कार्यकर्ताओं ने ठाणे और पुणे जिलों में अलग-अलग राष्ट्रीयकृत बैंकों के दो प्रबंधकों से ग्राहकों से संवाद करते समय मराठी का उपयोग न करने को लेकर उनके साथ बदसलूकी की। ये घटनाएं बुधवार को ठाणे के अंबरनाथ शहर और पुणे के लोनावाला में हुईं। घटना के वीडियो सोशल मीडिया मंचों पर वायरल हो गए। मनसे सदस्यों ने बृहस्पतिवार को ठाणे में एक निजी बैंक के प्रबंधक से उसकी शाखा में मराठी भाषा वाले बोर्ड लगाने के लिए कहा और उस बोर्ड को हटा दिया जिस पर अंग्रेजी भाषा में लिखा गया था। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने 30 मार्च को गुड़ी पड़वा के मौके पर आयोजित एक रैली में आधिकारिक कार्यों के लिए मराठी को अनिवार्य बनाने के अपने पार्टी के रुख को दोहराया था।

### देशभर के 423 रेलवे स्टेशनों पर शिशु आहार कक्ष उपलब्ध : रेल मंत्री वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि शिशुओं को स्तनपान कराने वाली महिलाओं की निजता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर शिशु आहार कक्ष बनाए गए हैं। रेल मंत्री ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''तेलंगाना के 11 स्टेशनों सहित देशभर के 423 रेलवे स्टेशनों पर शिशु आहार कक्ष (बेबी फीडिंग रूम) उपलब्ध हैं। जोनल रेलवे विभिन्न स्टेशनों पर शिशु आहार कक्ष का उचित ढंग से रखरखाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करते हैं। स्टेशनों पर माताओं और शिशुओं के लिए आरामदायक और सुरक्षित वातावरण मुहैया कराने के लिए समय-समय पर निरीक्षण भी किए जाते हैं।''

## राज्यसभा की 17 घंटे लंबी बैठक एक रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा ने वक्फ संशोधन विधेयक पर बृहस्पतिवार को लंबी चर्चा कर एक रिकॉर्ड बनाया। हालांकि थिंक टैंक ''पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च'' के अनुसार, संसद में मैराथन चर्चाओं का इतिहास रहा है तथा कुछ चर्चाएं देर रात तक चलीं, जिनमें सबसे लंबी बहस लोकसभा में 20 घंटे से भी अधिक समय तक चली थी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को 17 घंटे तक चली बैठक का जिक्र किया जो सदन के इतिहास में अब तक की सबसे लंबी बैठक है। इस सत्र का एक मुख्य आकर्षण वक्फ (संशोधन) विधेयक का पारित होना था, जिस पर दोनों सदनों में लंबी चर्चा हुई। दो अप्रैल को लोकसभा ने विधेयक पर लगभग 14 घंटे तक चर्चा की, जबकि अगले दिन राज्यसभा सुबह 4:02 बजे तक बैठी, जो हाल के इतिहास में सबसे लंबी बैठकों में से एक थी। इससे पहले 1981 में इसी तरह की एक मैराथन बैठक में, राज्यसभा ने आवश्यक सेवा रखरखाव विधेयक पर सुबह 4:43 बजे तक चर्चा की थी। लोकसभा में 'हमारे लोकतंत्र की स्थिति' मुद्दे पर सबसे लंबी चर्चा हुई, जो 20.08 घंटे तक चली थी। इसके बाद 1993 के रेल बजट पर 18.35 घंटे तक चर्चा हुयी थी। वर्ष 1998 के रेल बजट पर 18.04 घंटे तक चर्चा हुई, जबकि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की विफलता विषय पर 17.25 घंटे और आवश्यक सेवा रखरखाव विधेयक, 1981 पर 16.58 घंटे तक बैठक हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्र के दौरान मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के अनुमोदन विषय पर संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण चर्चा भी हुई।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक-2025 को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक-2025 को मंजूरी दे दी। यह विधेयक विदेशियों और आप्रवास के मुद्दों से संबंधित है, और अब यह एक कानून बन गया है। इस विधेयक को चार अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और तत्पश्चात इसे राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया। कानून के अनुसार, अब से यदि कोई भी व्यक्ति भारत में प्रवेश करने, देश में रहने या देश से बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करते हुए पाया गया तो उसे सात साल तक की जेल की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस विधेयक में होटलों, विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम द्वारा विदेशियों के बारे में सूचना देना अनिवार्य करने का भी प्रावधान है, ताकि निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विदेशियों पर नजर रखी जा सके। सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों और जहाजों को भारत में किसी बंदरगाह अथवा स्थान पर नागरिक प्राधिकरण या आप्रवास अधिकारी के समक्ष यात्री और चालक दल की सूची प्रस्तुत करनी होगी। ऐसे विमान, जलयान या परिवहन के अन्य साधनों पर सवार यात्रियों और चालक दल की अग्रिम सूचना देनी होगी। कानून के अनुसार जो कोई भी जानबूझकर भारत में प्रवेश करने या भारत में रहने या भारत से बाहर जाने के लिए जाली या धोखाधड़ी से प्राप्त पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज या वीजा का उपयोग अथवा उसकी आपूर्ति करता है, उसे कम से कम दो वर्ष की अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा।

## तुर्किये में फंसे 250 से अधिक यात्रियों को लेकर वर्जिन अटलांटिक का विमान मुंबई के लिए हुआ रवाना



**मुंबई :** तुर्किये हवाई अड्डे पर 40 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के बाद भारतीयों समेत 250 से अधिक यात्रियों को लेकर वर्जिन अटलांटिक का विमान मुंबई के लिए रवाना हो गया है और शुक्रवार देर शाम विमान के मुंबई में उतरने की उम्मीद है। बुधवार को लंदन से मुंबई आने वाले उनके विमान का दियारबाकिर हवाई अड्डे की ओर मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था, जिसके कारण ये यात्री वहां फंस गए थे। वर्जिन अटलांटिक के प्रवक्ता ने कहा, सभी आवश्यक तकनीकी स्वीकृतियां प्राप्त हो जाने के बाद, विमान शुक्रवार चार अप्रैल को स्थानीय समयानुसार एक बजे दियारबाकिर हवाई अड्डे से रवाना हुआ। यात्री अब मुंबई के लिए रवाना हो चुके हैं तथा स्थानीय समयानुसार लगभग आठ बजकर 49 मिनट तक विमान के पहुंचने की उम्मीद है।

## महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में कुएं में गिरा ट्रैक्टर-ट्रॉली, सात महिला मजदूरों की मौत



**छत्रपति संभाजीनगर :** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कुएं में गिर जाने से खेत में काम करने वाली सात महिला मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में दो की उम्र 18 वर्ष है। जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) प्रवीण ताके ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह लगभग 7:30 बजे लिंबगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले असेगांव गांव में हुई, जब वाहन सड़क से उतरकर पानी से लबालब भरे कुएं में गिर गया। उन्होंने बताया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और कुएं से बड़ी मात्रा में पानी पंप की मदद से बाहर निकाला। डीआईओ ने बताया कि सात महिलाओं के शव कुएं से बाहर निकाले गए, जबकि तीन अन्य को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी महिलाएं हिंगोली जिले के वासमत तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजगांव की रहने वाली थीं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान ताराबाई सतवाजी जाधव (35), ध्रुपता सतवाजी जाधव (18), सरस्वती लखन बुराड (25), सिमरन संतोष कांबले (18), चैत्रबाई माधव पारधे (45), ज्योति इराबाजी सराओदे (35), सपना तुकाराम राउत (25) के रूप में हुई है। तीन अन्य महिला खेतिहर मजदूरों को कुंए से बचा लिया गया।

### न्यायालय ने झारखंड को रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान बिजली काटने की अनुमति दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड सरकार को राहत देते हुए उसे रामनवमी के दौरान शोभा यात्रा के मार्गों पर बिजली आपूर्ति काटने की शुक्रवार को अनुमति दे दी ताकि करंट लगने की घटनाएं न हों। झारखंड सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अप्रैल 2000 में लगभग 28 लोगों की करंट लगने से दुखद मौत होने के बाद राज्य सरकार ने यह निवारक तंत्र अपनाया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार की एक तत्काल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

## आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए शनिवार को केंद्र के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होगा: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** राजधानी में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत दिल्ली सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के क्रियान्वयन के लिए शनिवार को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने वाली है। यह जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस योजना के तहत दिल्ली में पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा, जिसमें केंद्र से पांच लाख रुपये और दिल्ली सरकार से अतिरिक्त पांच लाख रुपये मिलेंगे। गुप्ता ने कहा कि यह योजना लाखों दिल्लीवासियों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, केंद्र के साथ यह समझौता प्रत्येक नागरिक को नकदी रहित और व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के बाद इस योजना के तहत निवासियों को नामांकित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, हालांकि पिछली सरकार पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने में विफल रही, लेकिन हमारी सरकार इस योजना को जल्द से जल्द लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### गुरशरण कौर का सुरक्षा कवर घटाकर 'जेड' श्रेणी का किया गया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सुरक्षा की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी होने के कारण उन्हें पहले शीर्ष 'जेड-प्लस' श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी। मनमोहन सिंह का पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा कौर की सुरक्षा की हालिया समीक्षा के बाद उन्हें 'जेड' श्रेणी के तहत रखा जाना तय किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे बड़ा स्तर है।

## चलती ट्रेन के शौचालय में सहयात्री ने नाबालिग लड़की से 'बलात्कार' किया

**हैदराबाद :** तेलंगाना में चलती ट्रेन के शौचालय में सहयात्री द्वारा नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना तीन अप्रैल की सुबह की है, जब 20 वर्षीय आरोपी ने ट्रेन के शौचालय में लड़की के साथ बलात्कार किया। उस समय पीड़िता अपने परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा कर रही थी। पुलिस के अनुसार, जब वह शौचालय गई तो आरोपी ने उसका पीछा किया और उसका यौन उत्पीड़न किया। जीआरपी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सिकंदराबाद रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जब जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी से पूछा गया कि क्या आरोपी को हिरासत में लिया गया है तो उन्होंने बताया कि फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। एक अन्य घटना में, 22 मार्च को 23 वर्षीय महिला उस समय घायल हो गई जब वह एक व्यक्ति से बचने के लिए चलती ट्रेन से कूद गई जिसने उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार करने की कोशिश की थी।

## ईडी ने 'फेमा' मामले में एम्पुरान निर्माता गोपालन की चिटफंड कंपनी पर छापा मारा

**कोच्चि/ नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1000 करोड़ रुपये के कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में केरल के व्यवसायी एवं फिल्म 'एल 2: एम्पुरान' के निर्माताओं में शामिल गोकुलम गोपालन की 'चिटफंड कंपनी' के परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ईडी के कोच्चि कार्यालय द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत चेन्नई (तमिलनाडु) और कोच्चि (केरल) सहित विभिन्न राज्यों में गोकुलम गोपालन के पांच परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। गोपालन और उनकी कंपनी 'श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' के खिलाफ कुछ प्रवासी भारतीयों के साथ 1,000 करोड़ रुपये के कथित फेमा उल्लंघन और कुछ संबंधित ''अनधिकृत'' लेन-देन के संबंध में यह कार्रवाई की जा रही है। यह तलाशी कंपनी के कोडम्बक्कम स्थित कार्यालय और गोपालन के चेन्नई के नीलांकरई स्थित फार्महाउस पर ली गई। ऐसा समझा जाता है कि एजेंसी कंपनी के खिलाफ कुछ ''धोखाधड़ी'' मामलों का भी विश्लेषण कर रही है ताकि धन शोधन विरोधी कानून के तहत संभावित जांच की जा सके।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में 24 वर्षों में 21,219 किसानों ने आत्महत्या की

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती राजस्व संभाग के अंतर्गत आने वाले पांच जिलों में पिछले 24 वर्षों के दौरान 21,219 किसानों ने आत्महत्या की है। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आंकड़ा अमरावती संभाग के अमरावती, अकोला, बुलढाणा, वाशिम और यवतमाल जिलों में जनवरी 2001 से जनवरी 2025 के बीच हुई मौतों का है। इसमें इस साल जनवरी में 80 किसानों की आत्महत्या भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 वर्षों के दौरान अमरावती जिले में 5,395 किसानों ने आत्महत्या की, अकोला जिले में 3,123 किसानों ने, यवतमाल जिले में 6,211 किसानों ने, बुलढाणा जिले में 4,442 किसानों ने और वाशिम जिले में 2,048 किसानों ने आत्महत्या की। जनवरी 2025 में अमरावती जिले में 10, अकोला में 10, यवतमाल में 34, बुलढाणा में 10 और वाशिम जिले में सात किसानों ने आत्महत्या की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 वर्षों में हुई कुल आत्महत्याओं में से 9,970 मामले सरकारी मुआवजे के लिए पात्र थे, 10,963 अपात्र थे, जबकि 319 मामले जांच के लिए लंबित हैं।

## इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे तीन वांछित आरोपियों को यूएई से लाया गया : सीबीआई

**नयी दिल्ली :** इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे तीन भगोड़े अपराधियों को सीबीआई द्वारा एक अभियान में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लाया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक ये भगोड़े अपराधी केरल, राजस्थान और गुजरात पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में वांछित हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा कई आपराधिक मामलों में वांछित आदित्य जैन को शुक्रवार को राज्य पुलिस की एक टीम की सुरक्षा में संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाया गया। आदित्य जैन फिरौती के लिए एक कारोबारी को धमकी भरे फोन कॉल करने के मामले में वांछित था। उन्होंने बताया कि ऐसा आरोप है कि जैन ने इंटरनेट एप्लीकेशन के माध्यम से वीओआईपी (वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) कॉल की और मांगे गए पैसे का भुगतान न करने की स्थिति में लक्षित व्यक्ति पर गोली चला दी। राज्य पुलिस के अनुरोध पर 18 फरवरी को उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी किया गया था। वह संयुक्त अरब अमीरात में था। सीबीआई के प्रवक्ता ने बयान में कहा, '' सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने एनसीबी-अबू धाबी और राजस्थान पुलिस के सहयोग से चार अप्रैल, 2025 को वांछित रेड नोटिस विषय आदित्य जैन को सफलतापूर्वक भारत वापस लाया। राजस्थान पुलिस की एस्कॉर्ट टीम यूएई से भगोड़े अपराधी को लेकर लौटी, टीम भगोड़े को लेकर जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची।''

### दिल्ली वक्फ बोर्ड अपने कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए लॉन्च करेगा वेबसाइट

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में दान की गईं करीब 2,000 संपत्तियों की देखरेख करने वाला दिल्ली वक्फ बोर्ड अपने कार्यों और अन्य संबंधित विषयों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए एक वेबसाइट शुरू करने पर काम कर रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सात सदस्यीय बोर्ड के पास अब तक कोई वेबसाइट नहीं थी। यह कदम संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किए जाने के बीच उठाया गया है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों (धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थायी रूप से दान की गई संपत्ति) के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है।

## आरेडिका में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक ''प्रगति'' पत्रिका का विमोचन



**रायबरेली,समाज्ञा :** आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की राजभाषा गतिविधियों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रैमासिक प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका ''प्रगति'' के मार्च-2025 अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस पत्रिका में मौलिक रचनाओं यथा कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक महोदय ने ''प्रगति'' पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों की सराहना की ।बैठक में आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, सचिव महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन.तिवारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## रामनवमी के दिन न्यू पंबन रेल ब्रिज का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को तमिलनाडु का दौरा करेंगे और रामनवमी के मौके पर दोपहर लगभग 12 बजे भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल-नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ की ओर से जारी बयान के मुताबिक मोदी सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे और पुल के संचालन को देखेंगे। पुल के उद्घाटन के बाद वह रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। पीएमओ ने बयान में कहा, ''इस पुल का सांस्कृतिक महत्व बहुत गहरा है। रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था।'' रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में खड़ा है। इसे 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसकी लंबाई 2.08 किलोमीटर है, इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर की ऊंचाई तक उठता है। इससे निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करते हुए जहाजों की सुचारू आवाजाही की सुविधा मिलती है। स्टेनलेस स्टील सुदृढीकरण, उच्च श्रेणी के सुरक्षात्मक पेंट और पूरी तरह से वेल्डेड जोड़ों के साथ निर्मित इस पुल में अधिक स्थायित्व और कम रखरखाव की आवश्यकता है। इसे भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए दोहरी रेल पटरियों के लिए डिजाइन किया गया है। विशेष पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग इसे जंग से बचाती है, जिससे कठोर समुद्री वातावरण में पुल का लंबे समय तक टिके रहना सुनिश्चित होता है। पीएमओ के मुताबिक अपराह्न लगभग डेढ़ बजे प्रधानमंत्री राज्य में 8,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग-40 के 28 किलोमीटर लंबे वालाजा-पेट-रानीपेट खंड को चार लेन का बनाने के कार्य का शिलान्यास और राष्ट्रीय राजमार्ग-332 के 29 किलोमीटर लंबे विलुप्पुरम-पुदुचेरी खंड को चार लेन का बनाने का काम, राष्ट्रीय राजमार्ग-32 का 57 किलोमीटर लंबा पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-36 का 48 किलोमीटर लंबा चोलापुरम-तंजावुर खंड शामिल हैं।

### विमान दुर्घटना: फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**चंडीगढ़ :** गुजरात में जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना में शहीद हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी जिले में उनके पैतृक गांव माजरा भालखी में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। यादव (28)बुधवार रात जामनगर वायुसेना स्टेशन के पास विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे। उनके परिवार ने बताया कि हाल ही में यादव की सगाई हुई थी और इस वर्ष नवंबर में उनकी शादी होनी थी। पायलट पूर्व सैनिकों के परिवार से थे, उनके पिता सुशील भारतीय वायुसेना में सेवा दे चुके थे तथा उनके दादा और परदादा भी सेना में रहे थे। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव का पार्थिव शरीर रेवाड़ी लाया गया जहां से उसे उनके पैतृक गांव ले जाया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन का चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलना संदिग्ध

**लंदन :** भारत के खिलाफ इस साल 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन चोटिल होने के कारण बाहर होने के कगार पर है। इस 31 साल के गेंदबाज को यह चोट उनकी काउंटी टीम नॉटिंघमशर काउंटी के घरेलू सत्र शुरू होने से पहले अबुधाबी में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान लगी। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा चार अगस्त तक चलेगा। स्टोन ने अब तक पांच टेस्ट मैचों में 17 विकेट लिये है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2024 में अगस्त-सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के हवाले से शुक्रवार को बताया, ''स्टोन को मार्च में नॉटिंघमशर के सत्र पूर्व अबुधाबी दौरे के दौरान उनके दाहिने घुटने में काफी तकलीफ हुई थी।'' आईसीसी की इस रिपोर्ट के मुताबिक स्टोन का लक्ष्य अगस्त तक वापसी करने का है।

### आईएसएसएफ विश्व कप: चैन सिंह ने 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में कांस्य पदक जीता

**नयी दिल्ली :** एशियाई खेलों के पदक विजेता निशानेबाज चैन सिंह ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन स्पर्धा में कांस्य जीतकर यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को पहला पदक दिलाया। हंगरी के इस्तवान पेनी ने स्वर्ण (461.0) जीता। यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका सातवां शीर्ष खिताब है। चीन के तियान जियामिंग (458.8) ने रजत, जबकि चैन ने 443.7 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। इससे पहले दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रियो ओलंपियन चैन ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। ऐश्वर्य ने क्वालीफिकेशन दौर में अनुभवी चैन (तीसरा स्थान) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया था। दोनों ने 589 के बराबर स्कोर बनाया लेकिन ऐश्वर्य ने केंद्र के करीब ज्यादा निशाना के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराया

## सूर्यकुमार की कोशिश गई बेकार



**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराकर आईपीएल 2025 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के अर्धशतकों के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में सूर्यकुमार यादव ने भी पचासा जड़ा लेकिन उनकी कोशिश बेकार गई और मुंबई निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 67 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 रन के अंदर विल जैक्स और रियान रिक्लेटन के विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार और नमन धीर ने पारी को संभाला और शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नमन हालांकि, अर्धशतक लगाने से चूक गए और 24 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर तिलक वर्मा को उतारा जिन्होंने सूर्यकुमार का अच्छा साथ निभाया। सूर्यकुमार ने 31 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर आक्रामक अंदाज में खेलना जारी रखा। सूर्यकुमार को आवेश खान ने आउट किया। सूर्यकुमार के पवेलियन लौटने के बाद क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या उतरे। अंतिम ओवर से ठीक पहले तिलक वर्मा 25 रन बनाकर रिटायर आउट हो गए और उनकी जगह क्रीज पर मिचेल सैंटनर उतरे। मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 22 रन चाहिए थे। हार्दिक ने आवेश की पहली गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन आवेश लक्ष्य का बचाव करने में सफल रहे। हार्दिक 16 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैंटनर भी दो रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ की ओर से शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप, आवेश खान और दिग्वेश सिंह राठी को एक-एक विकेट मिले।

### नीरज 24 मई को स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली :** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा। खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने 'कॉन्टिनेंटल टूर' के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था। इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### सप्तक तलवार ने पहला गोल्फ खिताब जीता



**ग्रेटर नोएडा :** स्थानीय गोल्फर सप्तक तलवार ने अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में शुक्रवार को यहां पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर पेशेवर करियर का पहला खिताब अपने नाम किया। छब्बीस साल के तलवार ने अपने घरेलू जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट कोर्स पर शानदार प्रदर्शन करते हुए67-72-69-67 के कार्ड के साथ कुल 13 अंडर 275 का कार्ड खेलकर एक शॉट से जीत दर्ज की। वह तीसरे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर थे। तलवार 2021 में पेशेवर बनने के बाद से पीजीटीआई में दो बार उपविजेता रहे हैं। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट को जीतने पर तलवार को 22.50 लाख रुपये का इनाम मिला। वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गये। तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर रहे दिल्ली के अर्जुन प्रसाद (68-69-69-70) और चंडीगढ़ के युवराज संधू (70-67-69-71) क्रमशः 12-अंडर 276 और 11-अंडर 277 के स्कोर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### पंजाब और राजस्थान के मुकाबले में जायसवाल की फॉर्म पर रहेगी निगाह



**मुल्लांपुर :** राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे। जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आईपीएल में अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उन्होंने दिन मैच में केवल 34 रन बनाए हैं जिसका उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। जायसवाल की खराब फॉर्म का एक कारण उनका मैच अभ्यास की कमी है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी में वनडे क्रिकेट में पदार्पण के बाद वह आईपीएल से पहले किसी प्रतिस्पर्धी मैच में नहीं खेले थे। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम से भी बाहर कर दिया गया था। सैमसन की उंगली में चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को पहले तीन मैच के लिए कप्तान नियुक्त किया था और यह स्पष्ट नहीं है कि जायसवाल को यह फैसला नागवार गुजरा या नहीं। लेकिन यह बात किसी से छुपी नहीं है कि जायसवाल आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं लेकिन अभी उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा क्योंकि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में फॉर्म बद से बदतर होने में देर नहीं लगती।

## चेन्नई और दिल्ली के मैच में नूर अहमद और कुलदीप यादव निभा सकते हैं निर्णायक भूमिका




**चेन्नई :** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का उपयोग करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है। अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स को आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से मध्यक्रम में मजबूती मिली है। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है। शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके। चेन्नई के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है। धोनी ने उन्हें रुतुराज गायकवाड की जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजने का फैसला किया था लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे हैं। दिल्ली की टीम में फाफ डु प्लेसी की मौजूदगी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज लंबे समय तक चेन्नई की टीम का हिस्सा रहा था और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।

## कप्तानी छोड़ने के बाद हल्का महसूस कर रहा हूं: जोस बटलर



**मुंबई :** इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी नई मानसिकता के साथ स्वच्छंद होकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन मैच में 166 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। बटलर ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा, 'मैं निश्चित तौर पर काफी हल्का महसूस कर रहा हूं। कप्तान के रूप में जब आप अनुकूल परिणाम हासिल नहीं करते हो तो आप पर इसका दबाव पड़ता है तथा आप चीजों को सही करने के लिए अपना काफी समय और ऊर्जा लगाते हो।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अब कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद मैं काफी सहज महसूस कर रहा हूं। अब मैं अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर लगा सकता हूं।' बटलर टी20 क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलते रहे हैं लेकिन हाल में वह इंग्लैंड और अब आईपीएल में गुजरात की तरफ से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।




वर्ष 10, पूर्णांक 4197 अंक 007, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in